दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष–45, अंक 15
कोटद्वार बुधवार
3 मई 2023, पृष्ठ–8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## कार दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

नई टिहरी। सुबह के वक्त सौड़ी–ख्यार्शी मोटर मार्ग पर एक कार सड़क से नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें दो लोग घायल हुये हैं। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी थत्यूड़ इलाज के लिए भेजा है। गंभीर घायल जगबीर को को अपताल से हायर सेंटर के लिए रैफर किया गया है। पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना थत्यूड़ के तहत सौडी–ख्यार्शी मोटर मार्ग पर के पास एक कार सड़क से लगभग 70 मीटर नीचे जा गिरी। जिसमें बबलू (35) पुत्र बच्चू निवासी ग्राम सौडी थाना थत्यूड़ जनपद टिहरी गढ़वाल व जगबीर(46) पुत्र दीग्पा निवासी ग्राम सौडी थाना थत्यूड़ जनपद टिहरी गढ़वाल घायल हुए। दुर्घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने दी। जिस पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी थत्यूड़ इलाज के लिए लाया गया। जहां गंभीर घायल जगबीर को हायर सेंटर के लिए रैफर किया गया है। दूसरे का इलाज सीएचसी थत्यूड़ में ही किया जा रहा है। पुलिस ने दुर्घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी है।

## मानसखंड झांकी का टिहरी में होगा प्रदर्शन

नई टिहरी। गणतंत्र दिवस परेड 2023 में प्रथम स्थान पर रही उत्तराखण्ड राज्य की झांकी मानसखण्ड का प्रदर्शन जनपद के मुख्य स्थानों पर 10 से 13 मई तक किया जायेगा।

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2023 में उत्तराखण्ड राज्य की झांकी मानसखण्ड ने पूरे देश में प्रथम स्थान किया। मानसखण्ड झांकी जनपद टिहरी क्षेत्रान्तर्गत कीर्तिनगर, देवप्रयाग, जाखणीधार, प्रतापनगर, थौलधार, टिहरी, चम्बा, जौनपुर में 10 से 13 मई तक प्रदर्शित की जायेगी।

झांकी को प्रदर्शित करने का उद्देश्य लोगों को वन, वन्यजीव, पर्यावरण, प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने उत्तराखण्ड के इतिहास और संस्कृति से अवगत कराना रहेगा। झांकी को सीएम धामी देहरादून से रवाना करेंगे।

## दार्चुला में भीषण हिमस्खलन,पांच लोगों के फंसने की पुलिस ने की पुष्टि

**काठमांडू, एजेंसी।** पश्चिमी नेपाल के दार्चुला जिले में मंगलवार भीषण हिमस्खलन हुआ। इस हिमस्खलन में पांच लोगों के दबे होने की पुलिस ने पुष्टि की है। पुलिस उपाधीक्षक शैलेंद्र थापा ने बताया कि ये लोग यार्सागुम्बा (कीड़ाजड़ी) इकट्ठा करने गए थे। जिसके बाद अचानक हुए हिमस्खलन में वहीं दब गए।

उन्होंने बताया कि सशस्त्र पुलिस बल की टीम मौके पर तैनात है। वहीं, दार्चुला जिले के उप मुख्य जिला अधिकारी प्रदीपसिंह धामी ने फंसे लोगों के बारे में बताया कि सुदूर पश्चिम नेपाल के दार्चुला जिले में हिमस्खलन में दबे लोगों की तलाश और बचाव अभियान जारी है। पांच लोगों के लापता होने की पुष्टि हुई है। लापता लोगों में चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। वहीं, दो लोगों को साइट से बचा लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मौसम की स्थिति भी अच्छी नहीं है। गौरतलब है कि इससे पहले पता चला था कि हिमस्खलन में फंसने वालों की संख्या आठ है। गौरतलब है कि कीड़ाजड़ी एक प्रकार की आयुर्वेदिक औषधि होती है, जो समुद्र तल से 3800 मीटर ऊपर नेपाल और तिब्बत के हिमालय पर पाई जाती है।

यह भूरे रंग का होता है तथा यह 2 ईंच लम्बा होता है।

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# युवक और कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बीच हाथापाई

**ऋषिकेश ।** ऋषिकेश में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और एक युवक में हाथापाई का मामला सामने आया है। हाथापाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को मंत्री एक कार्यक्रम से निकलकर अपनी कार से जा रहे थे। इस दौरान वे जाम में रुक गए। तभी दो युवक बाइक से उतरे और कार के आगे आकर अपनी समस्या बताने लगे। इसी दौरान मंत्री और युवक में तीखी बहस शुरू हो गई जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई।

युवक खुद को सोशल वर्कर बताता है। मंत्री अग्रवाल के पीए कौशल बिल्जवाण ने बताया कि युवक ने पहले मंत्री को गाली दी फिर कॉलर पकड़ा और पीछे धकेलने लगा। इस दौरान उनका कुर्ता फट गया। तभी गनर ने उसे वहां से हटाने की कोशिश की, वह नहीं हटा तो गनर ने दोनों युवकों को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान मंत्री भी उन्हें पीटते दिख रहे हैं। थोड़ी देर बाद दोनों युवक



मौके से भाग गए। इस दौरान सड़क पर काफी लोग एकत्र हो गए। इन्हीं में से किसी का बनाया वीडियो वायरल हो रहा है।

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भारद्वाज हॉस्पिटल के पास निर्माण कार्यों के चलते जाम लगा हुआ था। इस दौरान दो बाइक सवार युवक उनके वाहन के बगल में आकर गाली गलौज करने लगे और उनके वाहन के शीशे पर प्रहार करने लगे। इस दौरान वाहन से उतरकर उन्होंने गाली गलौज करने को लेकर युवक को समझाया। लेकिन युवक ने उनका कॉलर पकड़ते हुए हाथापाई शुरू कर दी। जिसमें उनका कुर्ता भी फट गया। उनके सुरक्षाकर्मी ने युवकों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने सुरक्षाकर्मी के साथ भी हाथापाई शुरू कर दी और उसकी वर्दी फाड़ दी। जिसके बाद उनकी सलामती के लिए सुरक्षाकर्मी को बचाव करना पड़ा। उन्होंने कहा कि एक कैबिनेट मंत्री पर राह चलते इस तरह से आक्रमण करना युवकों की गुंडागर्दी को दर्शाता है। कहा कि संबंधित युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर हाथापाई के आरोपियों को गायब करने का आरोप लगाया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान वहां भाजपा कार्यकर्ता भी पहुंच गए। दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। वहीं, मामला बढ़ता देख ऋषिकेश के समीपवर्ती सभी थानों व कोतवाली से पुलिस बल बुलाया गया है।

# भारी बर्फबारी से परेशानी, रोका बर्फ हटाने का काम, 20 को खुलने हैं कपाट

**गोपेश्वर (चमोली) ।** बर्फबारी के कारण हेमकुंड साहिब के आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम दो दिनों से रुका हुआ है। सेना के जवानों की ओर से जहां–जहां बर्फ हटाई गई थी वहां करीब दो फीट तक ताजी बर्फ जम गई है। अब तीर्थयात्रा शुरू होने में 18 दिन का समय शेष बच गया है जिससे बर्फ हटाने की चुनौती भी बढ़ती जा रही है। अब तीन मई तक यहां बर्फ हटाने का काम रोक दिया गया है।



हेमकुंड साहिब के कपाट 20 मई को खोल दिए जाएंगे। इसलिए हेमकुंड साहिब के आस्था पथ से सेना के जवानों ने 20 अप्रैल से ही बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया था। विपरीत मौसम के बावजूद 28 अप्रैल को हवलदार मलकीत सिंह, हवलदार हरसेवक सिंह के नेतृत्व में 418 इंजीनियरिंग कोर के जवान और गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के प्रबंधक गुरनाम सिंह व अन्य सेवादार बर्फ हटाते हुए हेमकुंड साहिब पहुंच गए थे।

अटलाकोटी में जवानों ने ग्लेशियर को काटकर चार फीट रास्ता बना दिया था लेकिन बर्फबारी के कारण दो दिनों से बर्फ हटाने का काम रुका हुआ है। इधर गोविंदघाट गुरुद्वारा प्रबंधन के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि बर्फबारी को देखते हुए 3 मई तक बर्फ हटाने का काम रोक दिया गया है। आस्था पथ पर अटलाकोटी तक फिर से दो फीट ताजी बर्फ जम गई है।

अब मौसम सामान्य होने पर ही बर्फ हटाने का काम शुरू किया जाएगा। हेमकुंड साहिब और सरोवर अभी बर्फ से ढका हुआ है।

## आज से शुरू होगी केदारनाथ हेलीसेवा हेतु तीसरे चरण की बुकिंग

**देहरादून।** केदारनाथ हेलीसेवा के लिए तीसरे चरण की बुकिंग बुधवार तीन मई से शुरू होगी। इस बार आठ से दस मई तक के लिए टिकट बुकिंग हो सकेगी।

## पांचवें मील के समीप खाई में गिरी मोटरसाइकिल, सेना का जवान घायल



**कोटद्वार–दुगड्डा के मध्य पांचवें मील के समीप रेस्क्यू अभियान चलाकर घायल को खाई से निकालते एसडीआरएफ व पुलिस के जवान**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 534 कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य पांचवें मील के समीप एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में भारतीय सेना में तैनात जवान घायल हो गया। एसडीआरएफ व पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायल को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया।

काशीरामपुर तल्ला निवासी अमर सिंह सोमवार देर शाम अपनी मोटरसाइकिल में सवार होकर दुगड्डा से कोटद्वार की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पांचवें मील के समीप उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने घटना की जानकारी कोटद्वार पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायल को खाई से बाहर निकाला। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने अमर सिंह वर्तमान में मेरठ में तैनात हैं। देर शाम को वह दुगड्डा से कोटद्वार की ओर आ रहे थे।

# जीतने लायक नहीं बचे धरना दे रहे पहलवान, उम्र पार हुई तो जूनियर्स का हक मार रहेः बृजभूषण सिंह

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ (हाक) के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह इन दिनों विवादों में घिरे हैं। उन पर पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। हालांकि, बृजभूषण ने इन आरोपों का खंडन किया है और खुद को बेकसूर बताया है। हाक अध्यक्ष ने बताया है कि धरना दे रहे पहलवान अब खेलने लायक नहीं बचे हैं और उनके खेलने की उम्र खत्म हो चुकी है, तो अब जूनियर खिलाड़ियों का हक मार रहे हैं और घरेलू टूर्नामेंट्स नहीं होने दे रहे।



बृजभूषण शरण सिंह ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कहा, "जिन अध्यक्ष के घर आप आते थे, शादी में बुलाते थे, परिवार में आते थे। घुल–मिलकर रहते थे, जैसे एक परिवार हों। तब आपने कोई गोपनीय शिकायत नहीं की। आपको तब सारी दिक्कत हो जाती है, जब मैं एक पॉलिसी लेकर आता हूं। ओलंपिक में कौन जाएगा, कौन नहीं जाएगा, ये नियम बनाता हूं, तब आपको तकलीफ होती है। कुश्ती में सामान्य परिवार के बच्चे आते हैं। कहीं न कहीं उनके माता–पिता अपनी जरूरतों में कटौती करके बादाम–घी का इंतजाम करते हैं। वे उम्मीद रखते हैं कि बेटा नेशनल, इंटरनेशनल खेलेगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि जिस मोदी जी की आज ये निंदा कर रहे हैं, जिस योगी जी की आज ये निंदा कर रहे हैं, दुनिया का कोई देश खिलाड़ियों को इतनी सहूलियत या पैसा नहीं देता, जितना हमारा देश देता है। कई देश तरसते हैं कि काश, हमें भारत से मौका मिलता।"

उन्होंने कहा, "शुरू में लगता था कि आंदोलन मुझ तक सीमित है और मुझे ही हटाना चाहते हैं। अब लगता है कि यह आंदोलन शुरू से राजनीति से प्रेरित है। हरियाणा, राजस्थान, लोकसभा का चुनाव आ रहा है। विभाजन कैसे हो, यह सोची–समझी रणनीति है। अब इनकी फिक्र खुलकर सामने आ गई है। इनके मंच पर वे सारे तत्व हैं, जो मोदी विरोध और भाजपा विरोध में बहुत दिनों से सक्रिय हैं। अगर ये खिलाड़ियों का धरना होता तो सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद यह धरना उठ गया होता। ये इस्तीफे पर नहीं अड़े हैं। मेरा कार्यकाल पूरा हो गया है। जब तक नया चुनाव नहीं होता, मैं अध्यक्ष हूं। बाद में इनकी मांग आई कि सांसद पद से इस्तीफा चाहिए, जो भी पद हों, उसका इस्तीफा चाहिए। जिला अध्यक्ष, राज्यों के अध्यक्ष का भी इस्तीफा चाहिए। यानी न खाता, न बही, जो ये कहें वही सही?"

## छह मैग्नीट्यूड का भूकंप 20 से 21 मी. तक खिसका सकता है जोशीमठ

### शोध में खुलासा

**देहरादून ।** जोशीमठ और भटवाड़ी में चमोली और उत्तरकाशी की तरह भूकंप आता है तो वहां की जमीन 20 से 21 मीटर तक खिसक सकती है। यह खुलासा दून विश्वविद्यालय के भूगर्भ शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विपिन कुमार की ओर से किए गए शोध में हुआ है।

डॉ. विपिन कुमार ने कहा कि चमोली में 1999 और उत्तरकाशी में 1991 में तबाही मचाने वाले भूकंप आए थे। चमोली में आया भूकंप जोशीमठ से सिर्फ 26 किलोमीटर दूर और उत्तरकाशी में आया भूकंप भटवाड़ी से करीब 20 से 30 किलोमीटर दूर था। पिछले दिनों जोशीमठ में दरारें आने के बाद उन्होंने इस शोध को शुरू किया था। यह शोध यूरोपियन जियो साइंस यूनियन के जनरल नैचुरल हैजर्ड्स एंड अर्थ सिस्टम साइंसेज में अप्रैल 2023 में प्रकाशित हो चुका है।

डॉ. विपिन ने बताया कि जोशीमठ और भटवाड़ी मेन सेंट्रल थ्रस्ट (एमसीटी) वाले एरिया में बसा हुआ है। यह एक फॉल्ट है। जहां पर भूकंप आने की संभावना अधिक रहती है। शोध में जोशीमठ के लिए चमोली में 1999 में आए भूकंप का रिफरेंस और भटवारी के लिए उत्तरकाशी में 1991 में आए भूकंप का रिफरेंस लिया गया है। इसका डाटा स्ट्रॉन्ग मोशन वर्चुअल डाटा सेंटर से लिया गया। इस अध्ययन को डीएसटी प्रायोजित परियोजना की ओर से फंड दिया गया था, जिसे हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर यशपाल सुंदरियाल ने प्राप्त किया था।

**शोध में शामिल कीं चार बड़ी वजह**

जोशीमठ और भटवाड़ी के करीब उत्तरकाशी और चमोली में भूकंप आ चुका है।

यहां पर लोग खेती भी करते हैं, ऐसे में पानी का ज्यादा उपयोग होता है। पानी रिसकर जमीन में जाता है। इससे जमीन खिसकने का खतरा बढ़ जाता है।

इन इलाकों में सीवेज का पानी की निकासी के लिए न उपयुक्त नालियां बनी हैं और न ही कोई टैंक है। पानी खुला बहता रहता है। जोशीमठ में एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगा हुआ है लेकिन वह चल नहीं रहा है।

यह दोनों एमसीटी वाले इलाके हैं। यहां पर घाटियां पास होती हैं, धरातल (टॉपोग्राफी) ऊपर होता है।

## राजनीतिक दलों–स्टार प्रचारकों को शब्दों के इस्तेमाल में संयम बरतने की सलाह

**नई दिल्ली , एजेंसी।** विधानसभा चुनाव को लेकर कर्नाटक में प्रचार–प्रसार जोरों पर है। राज्य में खूब रैलियां हो रही हैं। इनमें अलग–अलग पार्टियों के नेता खूब बयानबाजी भी कर रहे हैं। इस दौरान, कई भड़काऊ और विवादित बयान भी सामने आए हैं। जिनपर चुनाव आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए एडवाइजरी जारी की है। इसमें आयोग ने कर्नाटक में प्रचार के गिरते स्तर को गंभीरता से लिया है। साथ ही उसने पार्टियों से संयम बरतने को कहा है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए चल रहे प्रचार अभियान को लेकर एडवाइजरी जारी की है। इसमें आयोग ने सभी स्टार प्रचारकों, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य के राजनीतिक दलों को सावधानी बरतने और संयम बरतने के लिए कहा है। साथ ही यह भी कहा है कि वे उच्च स्तरीय संवाद बनाएं। साथ ही चुनाव आयुक्त ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को सलाह का अनुपालन करने और मौजूदा नियामक और कानूनी ढांचे के अनुसार उचित और समय पर कार्रवाई शुरू करने का भी निर्देश दिया है। निर्वाचन आयोग ने अपने बयान में यह भी कहा है कि कई दलों ने इस संबंध में शिकायतें दर्ज कराई हैं।

### वादों पर सियासत

# पहले भगवान राम अब हनुमान की पूजा करने वालों को बंद करना चाह रही कांग्रेस:पीएम

**विजयनगर , एजेंसी।** कर्नाटक में चुनावी समर अपने पूरे जोरों पर है। भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी कर्नाटक के लिए अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा किया है। जिसके बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसपर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पहले भगवान राम को बंद किया, अब हनुमान की पूजा करने वालों को भी बंद करना चाहती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर अपने चुनावी घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा करने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे हनुमान की पूजा करने वालों को बंद करने की पार्टी की कोशिश करार दिया।

उन्होंने यह आरोप विजयनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लगाए। यहां उन्होंने कहा, 'मैं हनुमान की भूमि पर आया हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे हनुमान की भूमि पर मत्था टेकने का अवसर मिला, लेकिन



दुर्भाग्य देखिए कि जब मैं यहां अपनी श्रद्धा प्रकट कर रहा हूं तभी कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में भगवान हनुमान को बंद करने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि पहले उन्होंने (कांग्रेस) भगवान राम को बंद किया और अब उन्होंने 'जय बजरंग बली' का नारा लगाने वालों को बंद करने की कसम खाई है।

यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस को भगवान राम से दिक्कत थी और अब उसे 'जय बजरंगबली' कहने वालों से दिक्कत है। प्रधानमंत्री मोदी ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि भाजपा कर्नाटक को नंबर एक राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर मैं इस व्रत की सिद्धि की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने आगे संकल्प लेते हुए कहा कि भाजपा किसी को भी कर्नाटक के सम्मान और संस्कृति को नुकसान नहीं पहुंचने देगी।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान विजयनगर राजवंश और उसके इतिहास की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि विजयनगर राजवंश भारत का गौरव है। विजयनगर राजवंश के गौरवशाली शासक कृष्णदेवराय के नाम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने प्रयासों से इस क्षेत्र को अमर कर दिया।

उन्होंने अपने समय में विभिन्न देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत किया था और कर्नाटक की संस्कृति को दुनिया भर में प्रसिद्ध किया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कटाक्ष कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी होने के कुछ देर बाद आया है। कांग्रेस ने अपने संकल्प पत्र में कहा कि नफरती संगठनों पर कार्रवाई की जाएगी।

## 3 मई को केदारनाथ नहीं जा पाएंगे यात्री

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ दौरे पर आए पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने मौसम के अलर्ट और केदारनाथ धाम में हो रही भारी बर्फबारी को देखते हुए बुधवार को यात्रा पर सौ फीसदी रोक के निर्देश दिए हैं। किसी भी यात्री को केदारनाथ जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंगलवार को सुबह 11 बजे के बाद केदारनाथ यात्रा को रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि मौसम ठीक होते ही यात्रा शुरू कर दी जाएगी। केदारनाथ धाम में बर्फबारी के बीच छाता लेकर देश–विदेश के तीर्थयात्रियों से अपील करते हुए डीजीपी ने कहा कि केदारनाथ धाम में भारी बर्फबारी हो रही है। यहां पहले से मौसम का अलर्ट जारी किया गया था। 2 और 3 मई को मौसम खराब होने के चलते तीर्थयात्रियों से पहले ही आग्रह किया गया था। उन्होंने कहा कि मंगलवार को भले ही यात्रियों को जाने दिया गया है, किंतु बुधवार को केदारनाथ धाम में रुकना संभव नहीं है। इसलिए पुलिस सोनप्रयाग और गौरीकुंड से सौ फीसदी यात्रा रोक देगी। किसी भी यात्री को केदारनाथ जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को दोपहर बाद ऋषिकेश और श्रीनगर से आने वाले यात्रियों को भी सुरक्षित स्थानों पर ठहरने को कहा गया है।

# अफसर निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें : तीरथ



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने मंगलवार को जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। उन्होंने विभागवार प्रगति समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करते हुए योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सड़क निर्माणदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सांसद तीरथ सिंह रावत ने सड़क निर्माणदायी संस्था पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास आदि विभागों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम व जल संस्थान को निर्देश दिए हैं कि जनसंख्या के आधार पर द्वितीय फेज में टैंक निर्माण के कार्य किए जाएं तथा घटते जलस्त्रोतों को ध्यान में रखते हुए पानी के टैंक ऊंचाई वाले स्थान पर तैयार किए जाएं जहां से सभी ग्रामीणों को पानी सुगमता से उपलब्ध हो सके। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा के दौरान 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराते हुए कार्य करने वाले व्यक्तियों का समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा के दौरान सांसद ने विद्यालयों में बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील में भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, सभी विद्यालयों में किचेन गार्डन में भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यानीकरण के क्षेत्र में मोटे अनाज एवं लोकल प्रोडक्ट पर विशेष ध्यान देते हुए इसे बढ़ाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को वर्तमान में केदारनाथ धाम यात्रा के दृष्टिगत आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इस पर विशेष ध्यान रखने को कहा। सांसद ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कराने के लिए बेहतर ढंग से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने यात्रा में तैनात अधिकारियों से आगे भी यात्रा व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कराने को कहा, ताकि आ रहे तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी एवं असुविधा न हो। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ श्वेता पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कप्रवान, प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसादद सिमल्टी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्र,सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे, विद्युत, पीएमजीएसवाई, लोनिवि, एनएच आदि सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी-कर्मचारी व जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## छात्र–छात्राओं की निशुल्क नेत्र जांच की

विकासनगर। वीर अर्जुन स्कॉलर्स एकेडमी के द्वारा डाकपत्थर चौक पर मंगलवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण कैंप आयोजित किया गया। जिसमें आठवीं कक्षा तक के सभी छात्र–छात्राओं की निशुल्क नेत्र जांच की गई। छात्रों को चश्में के नंबर दिए गये। जिनके आंखों में किसी प्रकार की कमजोरी पाई गई, उनको आई ड्रॉप्स वितरित किये गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सोनम माथुर ने बताया कि नेत्र जांच सभी बच्चों के लिए अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। बताया आज के दौर में सभी बच्चे मोबाइल में बहुत ही ज्यादा व्यस्त रहने लगे हैं। जिसकी बजह से बच्चों की आंखों पर बहुत ही ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है।

कहा कि बच्चों की आंखें कमजोर हो रही है। बताया ऐसे में अगर अभिभावकों के द्वारा बच्चों पर ध्यान नहीं दिया गया तो बच्चों की आंखें और कमजोर हो जायेगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर फूँका

## 23 घंटे तक बिजली आपूर्ति रही ठप

विकासनगर। बीती सोमवार देर शाम को नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड आठ व नौ में लगे ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर फुंक गया, जिससे दोनों वार्डों में बिजली आपूर्ति ठप रही। मंगलवार को भी दिनभर बिजली की आपूर्ति ठप रही। देर शाम करीब पांच बजे तक नया ट्रांसफार्मर लगाने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारु हो पायी। इस दौरान करीब 23 घंटे तक दोनों वार्डों की करीब दो हजार की आबादी बिजली व पानी के लिए तरसती रही। सोमवार को हुई लगातार बारिश के बाद देर शाम करीब छह बजे हरबर्टपुर में वार्ड संख्या आठ व नौ के ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर फुंक गया, जिससे दोनों वार्डों में सांय छह बजे से बिजली गुल रही। बिजली गुल रहने के साथ ही पानी की आपूर्ति भी पूरी तरह से ठप रही। सोमवार शाम करीब छह बजे से लेकर मंगलवार दिनभर हरबर्टपुर में वार्ड नंबर आठ व नौ में रहने वाली करीब दो हजार से अधिक की आबादी वाले क्षेत्र में लोग बिजली–पानी के लिए तरसते रहे। स्थानीय निवासी राम किशन कश्यप ने बताया कि बिजली पानी न होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

लोगों को घरों से दूर जाकर हैंडपंप अथवा नहर गूलों के पानी से जलापूर्ति करनी पड़ी। मंगलवार करीब तीन बजे ऊर्जा निगम का नयां ट्रांसफार्मर पहुंचा, जिसको लाइन से जोड़ने के बाद शाम पांच बजे तक यानी 23 घंटे बाद बिजली की आपूर्ति सुचारु हुई। जबकि पानी की आपूर्ति देर शाम को शुरू हो पायी। एसडीओ ऊर्जा निगम अश्वनी कुमार का कहना है कि आकाशीय बिजली गिरने ट्रांसफार्मर पूरी तरह से जल गया, जिसकी मरम्मत संभव नहीं थी।

# जमीन बेचने की डील कर ओएनजीसी के रिटायर कर्मी से 70 लाख ठगे




देहरादून। जमीन बेचने की डील कर ओएनजीसी से रिटायर कर्मचारी से 70 लाख रुपये ठग लिए गए। रकम कोरोना की पहली लहर में जमीन सस्ते रेट पर बेचने का झांसा देकर ली गई। पुलिस ने मुकदमे में एक महिला और उसके बेटे व बहू को आरोपी बनाया है। इंस्पेक्टर वसंत विहार होशियार सिंह ने बताया कि अनिल कुमार भाटिया निवासी पंडितवाड़ी ने एसएसपी कार्यालय में तहरीर दी। आरोप लगाया कि कोरोना की पहली लहर में अमिताभ शाही, उसकी पत्नी शालिनी शाही और मां तारा देवी निवासी वार्ड तीन विकासनगर ने उनसे संपर्क किया। तीनों ने कहा कि उनकी सिनौला में 431 वर्ग मीटर जमीन है। कोविड में रुपये की जरूरत बताते हुए उसे सस्ते दाम पर बेचने की डील पीड़ित से की। पीड़ित ने घर में बात की तो उनके बेटे चिराग भाटिया और तारा देवी के बीच जमीन का एग्रीमेंट 19 नवंबर 2020 को हुआ। एग्रीमेंट के हिसाब से पीड़ित ने 70 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। रजिस्ट्री की तिथि 18 फरवरी तय हुई। आरोप है कि तय तिथि नजदीक आने पर आरोपी पक्ष ने बहाने बनाने शुरू कर दिए। उन्होंने एग्रीमेंट की तिथि निकलने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई। आरोप है कि इसके बाद जमीन किसी अन्य को बेचने की बात की। रकम वापस मांगी तो वह भी नहीं लौटाई। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## केदारनाथ में तीर्थपुरोहित रोशन ने की ईमानदारी की मिशाल पेश

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के तीर्थपुरोहित रोशन त्रिवेदी ने तीर्थयात्री के नगद धनराशि व कीमती सामान से भरे बैग को लौटाकर ईमानदारी की मिशाल कायम की।

केदारनाथ धाम में सोमवार शाम को कुंडालिया निवासी तीर्थपुरोहित रोशन त्रिवेदी को अपनी दुकान पर एक बैग पड़ा मिला। जिसमें नगद धनराशि, एक कीमती घड़ी एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। उन्होंने आस पास तीर्थयात्रियों से बैग के बारे में पूछताछ की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिला पाई। जिसके बाद उन्हें बैग से तीर्थयात्री का मोबाइल नम्बर मिला।

# आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार की अध्यक्षता में हुई लैंडफ्राड समन्वय समिति की बैठक



देहरादून। आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त शिविर कार्यालय ईसी रोड पर लैंडफ्राड समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त गढ़वाल मंडल ने निर्देश दिए कि भूमि फ्रॉड के प्रकरणों पर प्रभावी कार्यवाही करें साथ ही जिन सरकारी भूमि पर अतिक्रमण है, उनको अतिक्रमण मुक्त किया जाए। उन्होंने नगर निगम एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भूमि अतिक्रमण मुक्त की गई हैं, उनपर चहारदीवारी अथवा तारबाड़ लगाकर सरकारी कब्जा लें। साथ ही निर्देशित किया कि जो प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है उनकी प्रभावी पैरवी की जाए। आयुक्त गढ़वाल ने ग्राम डांडा लखोंड में भूमि पर अवैध अतिक्रमण के सम्बन्ध में पीपी एक्ट के अन्तर्गत वादों को सुनते हुए निस्तारित करने के निर्देश दूरभाष पर नगर मैजिस्ट्रेट को दिए तथा डांडा लखौंड में अतिक्रमण मुक्त की गई भूमि पर चाहर दीवारी/तारबाड़ करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए इसके लिए उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट देहरादून तथा मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून को दूरभाष पर वार्ता कर कार्यवाही करने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### घर का नक्शा पास कराने के लिए सेल्फ सर्टिफिकेशन प्रणाली लागू

देहरादून। प्रदेश में नक्शा पास कराने के लिए सेल्फ सर्टिफिकेशन प्रणाली लागू हो गई है। आवास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने इस प्रणाली से मंजूर पहला नक्शा मंगलवार को संबंधित आवेदक को सौंपा। विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अग्रवाल ने एमडीडीए डालनवाला में घर बनाने की तैयारी कर रही मुक्ता जोशी को पहला नक्शा प्रदान किया। अग्रवाल ने कहा कि अब आवेदकों को विकास प्राधिकरण जाने की जरूरत नहीं है। स्वीकृत लेआउट पर आवासीय श्रेणी का नक्शा आर्किटेक्ट के स्तर से ही मंजूर हो जाएगा। उन्होंने मुक्ता जोशी का उदाहरण देते हुए बताया कि महज तीन दिन में उनका नक्शा मंजूर किया गया। इससे विकास प्राधिकरणों के प्रति लोगों की शिकायत खुद ही दूर हो सकेगी।

### जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ ने दिया स्वैच्छिक त्याग पत्र

हरिद्वार। जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शशिकांत ने स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखकर अपने पद से त्याग देने की इच्छा जाहिर की है। मंगलवार को बाल रोग विशेषज्ञ ने अपने स्वैच्छिक त्याग पत्र को जिला अस्पताल प्रबंधन को सौंप दिया।

पहले से ही चिकित्सकों की कमी की मार झेल रहे जिला अस्पताल को एक और चिकित्सक ने छोड़ने की इच्छा जाहिर की है। डॉ. शशिकांत ने बताया कि वह स्वास्थ्य संबंधि समस्याओं के चलते स्वैच्छिक त्याग पत्र दिया है।

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस ने बाइक सवार एक युवक को डालूवाला से कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक पर आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक कच्ची शराब के साथ डालूवाला मजबता गुरुद्वारे के पास से गुजर रहा है।

# कैबिनेट मंत्री अग्रवाल के वायरल वीडियो से भाजपा असहज

देहरादून। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर असहज कर दिया है। यह पहला मौका नहीं है जब पार्टी को उनकी वजह से असहज होना पड़ा है। पहले भी विधानसभा भर्ती को लेकर कैबिनेट मंत्री का एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। उस बयान की वजह से पार्टी को सोशल मीडिया पर खासी किरकिरी का सामना करना पड़ा। उसके बाद ही मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने विधानसभा भर्ती की जांच के लिए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था।अब एक बार फिर वायरल वीडियो की वजह से पार्टी बचाव की मुद्रा में आ गई है। हालांकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो अधूरा है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री पर सार्वजनिक रूप से हमला किया गया है। जिस व्यक्ति ने सार्वजनिक रूप से कैबिनेट मंत्री पर हमला किया है उसकी जांच की जानी चाहिए। इस तरह का व्यवहार किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर हुए हमले की निंदा की। कहा कि जिस तरह से विवाद ने तूल पकड़ा और नौबत हाथापाई तक पहुंची वह दुखद है।कैबिनेट मंत्री पर हुए हमले को लेकर कड़ी कारवाई अमल में लाई जाएगी। ऐसी घटनाओं से अच्छा संदेश नहीं जाता है। भट्ट ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर सभी से संयमित व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

## केवी बीरपुर में स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान

देहरादून। बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने व स्कूल को साफ रखने वाले स्वच्छता प्रहरियों का मंगलवार को केवी बीरपुर में सम्मान किया गया।

इस दौरान विद्यालय की प्रिंसिपल बसंती खंपा ने बच्चों से कहा कि हमें इन प्रहरियों के काम का सम्मान करना चाहिए। साथ ही इनका साफ सफाई में सहयोग भी करना चाहिए।

## किसानों को बताए खेती के वैज्ञानिक तरीके

चमोली। पोखरी ब्लॉक के ग्राम खन्नी में कृषक महोत्सव में किसानों को वैज्ञानिक तकनीकी का उपयोग से तथा कृषि उत्पादों की समुचित विपणन एवं प्रसंस्करण के द्वारा कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में कृषि उद्यान पशुपालन ग्रामीण विकास सहकारिता वन आदि विभागों द्वारा वर्तमान में चल रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों को फसल बीमा पशु बीमा किसान सम्मान निधि की भी जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता बीना रावत प्रधान ग्राम खन्नी द्वारा की गई। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य राखी देवी द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

# दसऊमंदिर में विराजमान हुए छत्रधारी चालदा महाराज



विकासनगर। छत्रधारी चालदा महासू महाराज दो दिवसीय प्रवास यात्रा के बाद सोमवार रात एक बजे जौनसार के खत पशगांव के दसऊ गांव में विराजमान हुए। खत समाल्टा से लगभग 35 किलोमीटर पैदल प्रवास यात्रा करने के बाद हजारों श्रद्धालु अपने आराध्य चालदा महासू महाराज की देव पालकी, देव चिन्ह, देव छत्र लेकर दसऊ पहुंचे। भारी बारिश के बावजूद छत्रधारी चालदा महाराज के देर रात दसऊ गांव पहुंचने पर खत पशगांव के बाशिंदों ने अपने आराध्य देव का भव्य स्वागत किया। महासू देवता के वजीर परिवार की महिलाओं ने गांव के प्रवेश द्वार पर आकर देवता के आगमन पर देव छत्र, देव चिन्ह, देव पालकी और ढोल दमाऊ को धूप देकर पूजा अर्चना की। जिसके बाद चालदा महासू देवता की पालकी ने गांव में प्रवेश किया। रात्रि करीब 1:30 बजे महासू महाराज की पालकी को मंत्रोच्चार के साथ गर्भ गृह में प्रवेश कराया गया। मंगलवार सुबह करीब तीन बजे धाम (भंडारा) वितरित किया गया, जिसमें देवता के साथ पहुंचे हज़ारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह छह बजे से ही देव दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं आना शुरू हो गया था। कतार में लगकर श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जौनसार बावर क्षेत्र के अलावा हिमाचल प्रदेश से भी आए हजारों श्रद्धालुओं ने भी देव दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# फार्मासिस्टों ने किया 2 घंटे कार्य बहिष्कार



ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल के फार्मासिस्ट सुबह दो घंटे कार्य बहिष्कार पर रहे। इसका असर अस्पताल के दवा वितरण और इमरजेंसी सेवा पर पड़ा। फार्मासिस्ट 6 मई तक कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। मंगलवार को सरकारी अस्पताल के फार्मासिस्ट सुबह 8 बजे से 10 बजे तक काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार पर रहे। इस दौरान उन्होंने सरकार से उनकी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन भी किया।

फार्मासिस्टों के कार्य बहिष्कार के चलते मरीज और उनके तीमारदारों को अस्पताल से मिलने वाली दवा के लिए इंतजार करना पड़ा। दवा वितरण का जिम्मा फार्मासिस्ट पर है। उन्हीं के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षु फार्मासिस्ट दवा मरीजों को देते हैं। इससे इमरजेंसी में भी कार्य प्रभावित रहा। फार्मासिस्ट सुरेश सकलानी ने बताया कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तराखंड के आह्वान पर फार्मासिस्ट आंदोलन पर हैं। बताया कि आईपीएचएस में कटौती के बाद फार्मासिस्टों की अस्पतालों में भारी कमी, काम का दबाव मुद्दे को लेकर फार्मासिस्ट 6 मई तक कार्यबहिष्कार पर रहेंगे।

## वन भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिद्वार। हरिद्वार वन प्रभाग ने श्यामपुर क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई की। मंगलवार को राजस्व, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए छह स्थानों से धार्मिक अतिक्रमण हटाया। रसियाबड़ के दासोवाली, टांटवाला के नजदीक, पीली पढ़ाव के नहर पटरी समेत अन्य स्थानों पर अतिक्रमण ध्वस्त किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग से तहसीलदार हरिद्वार रेखा आर्या, क्षेत्राधिकारी श्यामपुर यशपाल राठौर, थानाध्यक्ष श्यामपुर विनोद थपलियाल सहित भारी संख्या में पीएसी और पुलिस बल तैनात रही।

# स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के परिजनों का तहसील सभागार में हुआ सम्मान समारोह

चमोली। गैरसैंण विकास खंड के स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के परिजनों का मंगलवार को तहसील सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि इन सैनानियों की बदौलत देश आजाद हुआ है। आज जबकि देश आजादी का अमृत महोत्सव बना रहा है ऐसे में उन्हें कतई भी नही भूलाया जा सकता है। ब्लॉक प्रमुख शशि सोरियाल की अध्यक्षता एवं एनटी राकेश पल्लव के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में मौजूद स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के परिजनों को फूलमाला एवं मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। तहसीलदार सुरेन्द्र देव ने कहा कि जिन गुमनाम स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को लोग नहीं जानते हैं उनको संकलित कर उनके बारे में बताया जायेगा। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के आश्रृतों की समस्याओं को दूर करने के भी प्रयास किये जा रहे हैं। स्वतंत्रता संग्राम सैनानी संघ के जिला महामंत्री त्रिलोक खत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों की फोटो संबंधित के गांव, विद्यालय एवं ब्लाक सभागर में लगाने की मांग करते हुए उनके परिजनों की सुध लेने की बात कही।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पांवटा साहिब गुरुद्वारे में सपरिवार मत्था टेका, देश एवं प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की





देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को पांवटा साहिब स्थित गुरुद्वारे में सपरिवार मत्था टेक कर देश एवं प्रदेश वासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने लंगर भी छका। गुरुद्वारे पहुंचने पर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार हरभजन सिंह ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

# गढ़वाल एक्सप्रेस संचालन को ट्रेन के आगे पटरी पर किया प्रदर्शन

## नागरिक मंच, कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति सहित अन्य संगठनों ने किया प्रदर्शन, जल्द गढ़वाल एक्सप्रेस का संचालन नहीं होने पर दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोरोना काल के दौरान बंद की गई गढ़वाल एक्सप्रेस के पुनः संचालन की मांग को लेकर नागरिक मंच, कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति सहित अन्य संगठनों ने रेल रोको आंदोलन चलाया। इस दौरान सदस्यों ने कोटद्वार रेलवे स्टेशन में खड़ी ट्रेन के आगे पटरी पर खड़े होकर प्रदर्शन किया। सदस्यों ने जल्द ट्रेन का संचालन नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी भी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर जीआरपी व पुलिस की विशेष टीमें तैनात की गई थी।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नागरिक मंच, वरिष्ठ नागरिक संगठन, कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति सहित अन्य संगठनों से जुड़े सदस्य कोटद्वार रेलवे स्टेशन में एकत्रित हुए। यहां सदस्यों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कोटद्वार की अनदेखी का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि कहा कि कोरोना काल में कोटद्वार से संचालित होने वाली गढ़वाल एक्सप्रेस को बंद कर दिया गया था। स्थिति सामान्य होने के बाद पूरे देश में बंद पड़ी रेल सेवाओं को दोबारा शुरू कर दिया गया। लेकिन, कोटद्वार से दिल्ली के लिए संचालित होने वाली गढ़वाल एक्सप्रेस पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया। कहा कि गढ़वाल के युवा सैनिक सरहदों से लेकर संपूर्ण भारत में तैनात हैं। ऐसे में गढ़वाल एक्सप्रेस संचालन नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ट्रेन पकड़ने के लिए शहरवासियों को कोटद्वार से नजीबाबाद की दौड़ लगानी पड़ती है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी रात के समय सफर करने वाले यात्रियों को होती है। कहा कि गढ़वाल एक्सप्रेस के नाम पर सरकार ने सिद्धबली एक्सप्रेस प्रारंभ की है। लेकिन, इसका क्षेत्रीय जनता को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। संगठनों ने जनता की सुविधा को देखते हुए जल्द गढ़वाल एक्सप्रेस संचालन की मांग उठाई। इसके उपरांत सदस्यों ने करीब 12 बजे नजीबाबाद से कोटद्वार रेलवे स्टेशन पर पहुंची ट्रेन के आगे खड़े होकर प्रदर्शन किया। आंदोलन को देखते हुए रेलवे स्टेशन में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) व कोटद्वार पुलिस की विभिन्न टीमें तैनात की गई थी। जीआरपी की टीम का नेतृत्व हरिद्वार से पहुंची जीआरपी की अपर पुलिस अधीक्षक अरुणा भारती कर रही थी।

पुलिस व जीआरपी के सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से आंदोलन पर नजर बनाए हुए थे। हालांकि संगठनों ने लोकतांत्रित ढंग से अपना विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद संगठनों ने मौके पर मौजूद तहसीलदार मंजीत सिंह के माध्यम से रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर चंद्र प्रकाश नैथानी, नागेंद्र उनियाल, अतुल भट्ट, गोविंद प्रसाद डंडरियाल, विवेक अग्रवाल, लाजपत राय भाटिया, विजय माहेश्वरी, आरपी पंत, केएस चौहान, राकेश लखेड़ा, गोपाल बंसल, प्रवेश नवानी, शकुंतला चौहान, महावीर सिंह रावत, संजय मित्तल, राकेश अग्रवाल, राजेंद्र भाटिया, सत्यनारायण नौटियाल, केपी खंतवाल सहित बड़ी संख्या में संघर्ष समिति से जुड़े संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



कोटद्वार रेलवे स्टेशन में ट्रेन के आगे खड़े होकर प्रदर्शन करते संगठन के सदस्य

## आधार सेंटर खोलने की उठाई मांग

**कोटद्वार/सतपुली** : सतपुली में अधार सेंटर खोलने की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि आधार सेंटर नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सामजिक कार्यकर्ता और पीएलवी सतपुली पुष्पेन्द्र राणा ने उपजिलाधिकारी सतपुली के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

पुष्पेन्द्र राणा ने बताया कि पूर्व में जहां तहसील, बैंक और पोस्ट ऑफिस में आधार सेंटर थे, जिससे लोगों को सुविधा होती थी, लेकिन विगत कई माह से आधार सेंटर न होने के कारण आये दिन लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

आधार कार्ड बनवाने व संशोधन करवाने के लिए लोगों को कई किलोमीटर की दौड़ लगानी पड़ रही है। जिससे उनका समय व धन दोनों बर्बाद हो रहा है। कहा कि जनता की सुविधा को देखते हुए जल्द आधार कार्ड सेंटर खोला जाना चाहिए।

# कोल्ड-ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर लूटा ई-रिक्शा, एक गिरफ्तार, एक फरार

**नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मीट मार्केट का रहने वाला है ई-रिक्शा चालक**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मीटर मार्केट निवासी एक व्यक्ति को कोल्ड-ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर ई-रिक्शा लूटने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक अन्य आरोपी अब भी फरार चल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में दबिश दे रही है। दोनों बदमाशों ने ई-रिक्शा चालक से मारपीट कर उसे बेहोशी की हालत में कौडिया चैक पोस्ट के समीप जंगल में फेंक दिया था।

दो दिन पूर्व मीट मार्केट निवासी मनोज सिंह ने बाजार चौकी में घटना की तहरीर दी थी। जिसमें उसने बताया था कि उसके पिता कमल सिंह शहर में ई-रिक्शा चलाते हैं। लेकिन, शनिवार से वह घर वापस नहीं लौटे हैं। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि मनोज की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ई-रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी थी। जांच में ई-रिक्शा चालक के मोबाइल की लोकेशन कौडिया चैक पोस्ट से आगे उत्तर प्रदेश क्षेत्र के जंगल में मिली। बताया कि इसके बाद पुलिस की एक विशेष टीम जंगल में चालक की खोज के लिए भेजी गई। जिसके बाद देर शाम चालक कमल सिंह जंगल में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। होश में आए कमल ने पुलिस को बताया था कि 30अप्रैल को बाजार में उसे दो सवारियां मिली थी। जिसमें से एक व्यक्ति ने उसे कोल्ड-ड्रिंक पीने के लिए दी। बताया कि कोल्ड-ड्रिक पिलाने के बाद ई-रिक्शा में सवार दोनों व्यक्ति उसे कौडिया चैक पोस्ट के पार छोड़ने की बात कहने लगे। चैक पोस्ट पार करते हुए जंगल के समीप दोनों ने उससे मारपीट की और ई-रिक्शा लूटकर फरार हो गए। चालक के बयान के आधार पर पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिससे ई-रिक्शा लूटने वाले बदमाशों की पहचान हो गई थी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने बताया कि आरोपित उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर कीरतपुर फजलपुर हवीन उबड़ी निवासी नासिर को उसके घर से ई-रिक्शा व नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि, मामले में उसका एक अन्य साथी खानपुर निवासी उमर अब भी फरार चल रहा है। जिसकी तलाश के लिए पुलिस की टीमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में दबिश दे रही है।




कोटद्वार कोतवाली में पुलिस हिरासत में पकड़ा गया ई-रिक्शा लूट का आरोपी

## युवक ने फंदे से लटक की खुदखुशी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली में मंगलवार को सुबह एक युवक ने गौशाला में फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह माल सिंह गौशाला में फंदे से लटक रहा था। आनन-फानन में परिजन युवक को हंस हॉस्पीटल चमोलीसैंण लेकर गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष सतपुली लाखन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि माल सिंह पुत्र प्रेम सिंह रावत उम्र 42 वर्ष निवासी सतपुली ने अपनी गौशाला में फंदे से लटककर खुदकुशी कर दी। बताया कि पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। मौत के कारणों का अभी कोई पता नहीं चल पाया है। बता दें कि मृतक युवक की शादी नहीं हुई थी।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : हंस फाउंडेशन की ओर से दुर्गापुरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का दो सौ से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान चिकित्सकों ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के तरीके भी बताए। कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

दुर्गापुरी स्थित एक बारात घर में शिविर का आयोजन किया गया था। निःशुल्क शिविर का लाभ लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। भाजपा भाबर मंडल के पूर्व महामंत्री गौरव जोशी ने बताया कि शिविर में 200 से अधिक लोगों के ब्लड प्रेशन, खून की जांच व आंखों की जांच की गई। जबकि, पचास के अधिक लोगों को आंखों के आपरेशन के लिए हंस अस्पताल सतपुली भेजा गया। इस दौरान लोगों को निःशुल्क दवा व चश्में भी वितरित किए गए। इस मौके पर चिकित्सक डा. आयुष मलिक, शिवांगी जोशी, डा. आशु मलिक, डा. प्रदीप सिंह, मीनाक्षी, अतुल सिंह, बालम सिंह आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे लोग

# प्रशिक्षण में मिली जानकारियों को जीवन में अपनाएं रोवर्स-रेंजर्स

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में तीन दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने रोवस-रेंजर्स को प्रशिक्षण में मिलने वाली जानकारी को अपने जीवन में अपनाने की सीख दी।

दूसरे दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार, शांति रतूड़ी, आरसी लखेड़ा ने किया। प्रो. जानकी पंवार ने कहा कि हमें जीवन में हर रोज नई चीजों को सीखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रेंजर्स प्रभारी डॉ. सुषमा भट्ट थलेड़ी ने रोवर्स-रेंजर्स को प्रोत्साहित करते हुए प्रशिक्षण में मिली जानकारी को जीवन में उतारने की बात कही। इस सत्र में रोवर्स प्रभारी डॉ. जुनीष कुमार ने सभी रोवर्स-रेंजर्स को निरंतर लगन, जिज्ञासा तत्परता से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष इतिहास डॉ. प्रवीन जोशी ने रोवर्स-रेंजर्स को कुशलतापूर्वक सीखने और उस सीखे हुए कार्य को जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शोभा रावत डॉ. सुरभि मिश्रा, डॉ. अरुणिमा मिश्रा, डॉ. वन्दना चौहान, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. ऋचा जैन, डा. संतोष कुमार गुप्ता, डॉ. अमित गौड़ आदि प्राध्यापक उपस्थित रहें।



महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते रोवर्स-रेंजर्स व शिक्षक।

## भाक्ति और कविता बनें महामंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने कार्यकारिणी का गठन कर दिया है।

मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद टम्टा ने बताया कि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य व भाजपा की जिलाध्यक्ष सुषमा रावत की सहमति के बाद कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गोपाल, महावीर सिंह, राकेश मोहन व रमेशचंद्र को जिला उपाध्यक्ष, भक्ति लाल शाह, कविता देवी को जिला महामंत्री, मुकेश कुमार टम्टा, सिम्मल देवी, नवीन कुमार, ओमप्रकाश को जिलामंत्री, सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार को मीडिया प्रभारी व सोहन सिंह को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जन समस्याओं का जल्द निराकरण करें सरकार

## जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र व प्रदेश सरकार से जल्द जन समस्याओं के निराकरण की मांग की है। कहा कि सरकार लगातार जनविरोधी नीतियां अपनाकर जनता का शोषण कर रही है। कांग्रेस ने जन समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है।

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश व प्रदेश के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को तहसीलदार मनजीत सिंह के माध्यम से पोस्टकार्ड के साथ ज्ञापन भी प्रेषित किया।

कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल के नेतृत्व में प्रेषित पोस्टकार्ड व ज्ञापन में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराने, सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने, जंगली जानवरों के आतंक से पर्वतीय अंचल के लोगों को निजात दिलाने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों की पेंशन, कुटुंब पेंशन व भत्तों में बढ़ोत्तरी करने व सरकार के निकटस्थ उद्योगपति गौतम अडाणी की आय की बढ़ोत्तरी पर स्पष्टीकरण देने सहित कई अन्य मुद्दों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस मौके पर बलबीर सिंह रावत, नीलम रावत, अमित राज सिंह, राजा आर्य, शकुंतला चौहान, उदय नेगी और विपिन डोबरियाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में तहसीलदार के माध्यम से पीएम व सीएम को ज्ञापन भेजते कांग्रेसी

# मानसखंड की झांकी पहुंची पौड़ी, लोगों में दिखा उत्साह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : गणतंत्र दिवस परेड-2023 में शामिल उत्तराखंड की मानसखंड की झांकी जनपद पौड़ी मुख्यालय पहुंची। झांकी को स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने हरी झंडी दिखाकर श्रीनगर के लिए रवाना किया। झांकी को देखने के लिए स्थानीय लोगों में काफी उत्साह रहा। राज्य सरकार की ओर से उत्तराखंड की झांकी को प्रदेश स्तर पर अधिक से अधिक स्थानों में दर्शन के लिए प्रदर्शित किया जा रहा है।

गणतंत्र दिवस परेड में पूरे देश भर में उत्तराखंड की झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। मानसखंड की झांकी का जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार से आगमन हुआ था। जो कोटद्वार से दुगड्डा, सतपुली, पाठीसैंण, अगरोड़ा, परसुण्डाखाल सहित अन्य स्थानों में प्रदर्शित होकर पौड़ी मुख्यालय पहुंची। विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड में उत्तराखंड की झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है यह पूरे उत्तराखंड वासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सभी लोगों से इस भव्य झांकी के दर्शन करने के साथ ही इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने को कहा। मानसखंड की झांकी को 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास देहरादून से मुख्यमंत्री ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया है। यह झांकी 5 अप्रैल से 18 मई तक प्रदेश के समस्त जनपदों में प्रदर्शित की जा रही है। झांकी में जागेश्वर महादेव मंदिर समूह, ऐपण कला, वन, कार्बेट नेशनल पार्क, राज्य पक्षी मोनाल, राज्य वन पशु कस्तूरी मृग, छोलिया नृत्य आदि से तैयार सुंदर झांकी दर्शायी गई है।




मानसखंड झाकी को हरी दिखाकर रर्वाना करते हुए विधायक राजकुमार पोरी।

## चार धाम यात्रा को लेकर श्रीनगर में अस्थाई कंट्रोल रूप स्थापित

**पौड़ी** : चार धाम यात्रा के सुचारू एवं शांति पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु चार धाम यात्रा में पड़ने वाले जनपद पौड़ी के तहसील मुख्यालय श्रीनगर में एक अस्थाई कंट्रोल स्थापित किया गया है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने चार धाम यात्रा के सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए तहसील श्रीनगर मुख्यालय कंट्रोल रूम हेतु सहायक नगर आयुक्त नगर निगम श्रीनगर को नोडल अधिकारी व परियोजना प्रबंधक उत्तराखंड पेयजल निगम/अनुरक्षण गंगा इकाई श्रीनगर को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को अपने स्तर से कंट्रोल रूम में कार्मिकों की तैनाती करने एवं 24 घंटे कंट्रोल रूम को खुला रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारी श्रीनगर को तहसील परिसर में कंट्रोल रूम में नोडल अधिकारियों के लिए कक्ष सहित फर्नीचर उपलब्ध कराने व कंट्रोल रूम का क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

# तहसील दिवस पर 15 में से 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

रुद्रपुर। डीएम युगल किशोर पंत ने तहसील दिवस पर आई 15 में से 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करें। मंगलवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में डीएम की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित किया गया। इसमें सड़क, सिंचाई, पेंशन, अतिक्रमण, जमीन व रास्ता विवाद आदि से संबंधित कुल 15 प्रार्थना पत्र आए। मिथुन वर्मन ने दिव्यांग पेंशन प्राप्त न होने की शिकायत की। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को मामले के निस्तारण के निर्देश दिए। कोठा के ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा ने ग्राम सभा नारायणपुर लिंक मार्ग से भारी वाहनों (टोल टैक्स से बचकर निकलने वाले वाहनों) की आवाजाही पर रोक लगाने, सेनानी चौक पर सड़क दुरुस्त करने, कूड़ा निस्तारण के लिए भूमि उपलब्ध कराने, नदी से सिल्ट निकलवाने की मांग की। इस पर डीएम ने भारी वाहनों को रोकने के लिए एनएच के अधिकारियों को गार्डर लगवाने के निर्देश दिए।



उन्होंने संबंधित पटवारी को कूड़ा निस्तारण के लिए भूमि आरक्षित करने के निर्देश दिए। सेनानी चौक पर रोड निर्माण कार्य के बारे में अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि रोड नवीनीकरण का प्रस्ताव शासन में भेजा गया है। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को डिसिल्टिंग के लिए प्रधान के साथ मौका मुआयना करने के निर्देश दिए। अमरदीप कॉलोनी निवासी वंशिका गुप्ता ने जल भराव तथा कूड़ा उठान कार्य रेगुलर न होने की शिकायत की।

पर डीएम ने मुख्य नगर आयुक्त को वार्ड नंबर–10 का अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था चेक कराने के निर्देश दिए। ममता देवी ने पारिवारिक स्थिति से अवगत कराते हुए पीले राशन कार्ड के स्थान पर सफेद राशन कार्ड बनवाने की मांग की। इस पर जिला पूर्ति अधिकारी को पात्रता के आधार पर तत्काल सफेद राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। वहीं विधवा पेंशन के लिए समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। गीता पांडे ने पति का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने की मांग की। इस पर एसडीएम को जांच कराते हुए मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कराने के निर्देश दिए। तहसील सितारगंज निवासी सुखविन्दर कौर की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम सितारगंज को जांच के निर्देश दिये।

निजामुद्दीन अंसारी की भवन निर्माण के लिए पट्टा आवंटन की मांग पर डीएम ने निजामुद्दीन को पीएम आवास योजना के अन्तर्गत आवेदन करने के लिए कहा।

### दो महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट बांटी

तहसील दिवस में दो महिलाओं पूजा देवी, पुष्पा देवी को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। तहसील दिवस में 8 व्यक्तियों के आधार कार्ड अपडेट किए गए। राजस्व विभाग ने आय प्रमाणपत्र निर्गत किए। पंचायती राज विभाग द्वारा 6 परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गई। तहसील दिवस में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने–अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

सीडीओ विशाल मिश्रा, एडीएम जय भारत सिंह, एसडीएम प्रत्यूष सिंह, तहसीलदार नीतू डागर, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## रुद्रपुर में दो घंटे की बारिश से हुआ जलभराव



रुद्रपुर। शहर में दो घंटे में 22 एमएम बारिश से विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव हो गया। जलभराव से डीडी चौक, गाबा चौक समेत कई स्थानों पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जलभराव के चलते जाम भी लगा। दो दिनों से जिले में बेमौसम बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं शहर के मुख्य डीडी चौक, अग्रसेन चौक, बाटा चौक, गाबा चौक में जलभराव हुआ है। ट्रांजिट कैंप शिवनगर और अन्य कॉलोनियों में भी जलभराव की समस्या रही। वहीं सोमवार से तापमान में तीन डिग्री की कमी आई है। इससे लोगों को ठंड का अहसास भी होने लगा है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ आरके सिंह ने बताया कि तीन दिनों से हो रही बारिश से तापमान में कमी आई है। मंगलवार को जिले में 22.4 एमएम बारिश हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान 22.6, जबकि न्यूनतम 17.6 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार को अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस था। मंगलवार को अधिकतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। उन्होंने बताया कि बुधवार को जिले में बादल छाए रहेंगे, जबकि कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। शहर में जलभराव की स्थिति वाले स्थानों पर निगम कर्मियों को नजर रखने के निर्देश दिए हैं। जलभराव होते ही पानी की निकासी कराई जा रही है। – राजू नगन्याल, सहायक नगर आयुक्त, रुद्रपुर नगर निगम

## ऑटोव्हील कंपनी पर 30 हजार का जुर्माना

बागेश्वर। जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने एक मामले में वाहन स्वामी की शिकायत पर ऑटोव्हील कंपनी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आयोग के अध्यक्ष/जिला जज आरके खुल्बे, सदस्य हंसी रौतेला और रमेश चंद्र सनवाल ने मामले का अवलोकन करने के बाद ऑटोव्हील कंपनी को 20 हजार रुपये बतौर प्रतिकर और 10 हजार रुपये वाद व्यय के रूप में शिकायतकर्ता को देने के आदेश दिए। तहसील रोड निवासी मनोज सिंह दफौटी के अनुसार, उन्होंने सितंबर 2017 में अमित ऑटोव्हील प्राइवेट लिमिटेड, तीनपानी हल्द्वानी से 3,81,365 रुपये में पिकअप वाहन खरीदा था। वाहन की खरीद के समय कंपनी ने किसी भी तरह की तकनीकी समस्या आने पर बागेश्वर में ही निवारण करने की बात कही थी। वाहन स्वामी ने बताया कि 25 जून 2020 को वाहन का अगला पट्टा टूट गया। उन्होंने कंपनी को परेशानी बताई। कंपनी की ओर से पट्टा उपलब्ध न होने और हेडक्वार्टर में पता करने की बात कही गई। कुछ दिन बाद कंपनी ने पुणे में 1500 रुपये में स्पेयर पार्ट्स होने की बात कही। शिकायतकर्ता ने कंपनी की ओर से बताए खाते में 1500 रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी पार्ट्स नहीं आया। करीब दो महीने तक वाहन खड़ा रहा। कहा कि उन्हें चालक के वेतन, भोजन आदि के तौर पर 81 हजार रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। वाहन स्वामी की ओर से अधिवक्ता गोविंद सिंह भंडारी ने पैरवी की। आयोग ने कंपनी को एक महीने के भीतर यह राशि शिकायतकर्ता को देने के आदेश दिए हैं। कहा, नियत तिथि तक भुगतान नहीं होने पर शिकायतकर्ता को नौ प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से भुगतान करना होगा।

## ड्यूटी से नदारद कार्मिकों का एक दिन का वेतन रोका

बागेश्वर। लंबे समय से मिल रही कर्मचारियों के अनुपस्थित मिलने की शिकायत पर सीडीओ ने कई कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें लोगों की शिकायत सही मिली। उन्हें कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर उन्होंने अनुपस्थित सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि विभाग और सरकार की छवि खराब करने वाले कर्मचारी अपनी कार्यशैली आज से ही बदल लें।



मंगलवार को सीडीओ संजय सिंह ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ जिला बाल संरक्षण कार्यालय, फायर स्टेशन, बाल कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय पहुंचे। उन्हें जिला बाल संरक्षण कार्यालय में जिला परिवीक्षा अधिकारी संतोष जोशी और लेखाकार मनोज तिरूवा उपस्थिति लगाने के पश्चात कार्यालय में अनुपस्थित थे। बाल संरक्षण अधिकारी शंकर गोस्वामी दो दिन से अनुपस्थित पाए गए। वहीं, कार्यालय तैनात भावना शाह निरीक्षण के दौरान सोफे पर सोती हुई मिलीं। बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय के निरीक्षण दौरान तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सीडीओ ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को अनुपस्थित कर्मचारियों के एक दिन का वेतन रोकने की आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अधिकारी और कर्मचारी के बिना अवकाश लिए अनुपस्थित रहना खेदजनक है, इससे जहां विभाग औरसरकार की छबि खराब होती है। वहीं, जनता के कार्यों में भी विलंब होता है। सभी अधिकारी, कर्मचारी समयानुसार कार्यालय में उपस्थित होने एवं छोड़ना सुनिश्चित करें।

**संक्षिप्त समाचार**

### केदारनाथ की यात्रा पर निकले साइक्लिस्ट का रानीखेत में स्वागत

अल्मोड़ा। अखंड भारत का संदेश लेकर पश्चिम बंगाल से साइकिल पर केदारनाथ के लिए निकले साइकिलिस्टके रानीखेत पहुंचने पर रानीखेत माउंटेनियरिंग एंड आउटडोर क्लब ने स्वागत किया। साइकिलिस्ट ने कहा वह यात्रा के दौरान आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता करने का प्रयास कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर निवासी 22 वर्षीय साइकिलिस्ट शिबू घोष अखंड भारत का संदेश लेकर केदारनाथ की साहसिक यात्रा पर निकले हैं। 19 दिनों में करीब 1300 किमी की यात्रा पूरी कर वह सोमवार शाम रानीखेत पहुंचे। शिबू ने बताया यात्रा के दौरान वह जंगलों को आग से बचाने और जंगल के जीव जंतुओं की रक्षा का संदेश दे रहे हैं। क्लब की तरफ से उनके रात्रि प्रवास की व्यवस्था के साथ आर्थिक मदद भी प्रदान की गई। मंगलवार सुबह शिबू रानीखेत से केदारनाथ के लिए निकल गए। यहां माउंटनियरिंग एंड आउटडोर क्लब के अध्यक्ष सुमित गोयल, विवेक पांडे, अरविंद साह आदि रहे।

### पूर्व सैनिक समस्याओं को लेकर सेना के अधिकारियों से मिलेंगे

पिथौरागढ़। नगर में पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति का एक शिष्टमंडल भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर सेना के अधिकारियों से मिलेगा। मंगलवार को संगठन के अध्यक्ष दान सिंह वल्दिया ने कहा कि इन दिनों सामान लेने कैंटीन पहुंच रहे पूर्व सैनिकों को कई तरह की दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। कहा कि अव्यवस्था के कारण दो दिन पूर्व देर रात तक लोग कैंटीन के बाहर लाइन लगाकर खड़े रहे, लेकिन हजारों लोगों को घंटों इंतजार के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं को शीघ्र ही कमांडर के समक्ष रखा जाएगा।

### आउटसोर्स भर्ती पर नियमों की उल्लंघन का आरोप

पिथौरागढ़। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश कुमार ने आउटसोर्स भर्ती प्रकिया में नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जिस आउटसोर्स कंपनी के जरिए कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है वह ब्लेकलिस्टेड है। इसके अलावा भर्ती प्रकिया के दौरान ई–टेंडरिंग प्रकिया भी नहीं अपनाई गई। मंगलवार को जिपं सदस्य जगदीश ने डीएम रीना जोशी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से जिले की तहसीलों के भू–लेख व जनाधार केंद्रों में करीब 15 कम्प्यूटर ऑपरेटरों की आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्ति होनी प्रस्तावित है। इसके लिए एक कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन भर्ती प्रकिया में शासनादेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने डीएम से मामले में जांच की मांग की है।

### उपनल कर्मियों ने की कार्यबहाली की मांग

बागेश्वर। स्वास्थ्य विभाग में सेवा अवधि बढ़ाने के लिए भारी बारिश में भी उपनल कर्मचारियों ने धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि शासन–प्रशासन ने उनकी उपेक्षा की तो वह आगामी चुनाव का बहिष्कार करेंगे। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग से हटाए गए उपनल कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट पर धरना देकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा बीते 31 मार्च को उनकी सेवा अवधि समाप्त हो गई है। जिसे आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। जबकि स्वास्थ्य विभाग को उनकी जरूरत है। कहा कि वे अस्पतालों में अहम जिम्मेदारी उठा रहे थे। अल्प मानदेय में काम कर रहे थे। कोरोनाकाल में उन्हें नौकरी पर रखा गया। अब बाहर का रास्ता दिखा दिया है। एक माह से वह धरने पर हैं। उनकी कोई नहीं सुन रहा है। यहां संजय कन्नौजिया, बलवंत नगरकोटी, रीता देवी, ऋतु, पंकज कुमार रहे।

### लोहाघाट क्षेत्र में पशुओं में तेजी से फैल रहा लंपी वायरस

चम्पावत। पालतू पशुओं में लंपी वायरस तेजी से फैल रहा है। इस वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में पशु लगातार बीमार पड़ रहे हैं। पशुपालन विभाग की टीम कैंप लगाकर पशुओं का उपचार करने में जुटी हुई है। नेपाल सीमा से लगे कायल, मटियानी, लोजनी, सिरोड़ी, दसलेख के अलावा लोहाघाट नगर के आसपास के गांवों में भी लंपी वायरस दस्तक दे चुका हैं। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष मदन पुजारी का कहना है कि पशुओं में बीमारी के बाद शरीर में दाने हो रहे हैं। रोग की चपेट में आने से पशु दूध देना बंद कर दे रहे हैं।

## उद्योग बंधुओं का सुझाव अवश्य लें विभाग : डीएम

बागेश्वर। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने महाप्रबंधक उद्योग को उद्योग से संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर उद्योग बंधुओं से सुझाव लेने और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के प्रोत्साहन के लिए नई उद्यम नीति बनाई जा रही हैं, इस दौरान उन्होंने सभी उद्यमियों से सुझाव देने को कहा।

मंगलवार को अध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स नरेंद्र खेतवाल ने नीति में उद्योगों को ट्रांसपोर्ट और विद्युत सब्सिडी देने का सुझाव दिया। साथ ही जिले में राज्य स्तरीय समितियों में चैंबर का सदस्य अवश्य रखने और छोट–छोटे उद्योगों को पर्वतीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने की बात कही। उद्यमी दलीप खेतवाल ने प्रस्तावित उद्योग नीति में पहाड़ में जो कच्चा माल उपलब्ध



है, उसी से संबंधित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही उन उद्योगों में कर्मचारियों की मांग के अनुसार उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण देने की व्यवस्था का सुझाव दिया। उद्यमियों द्वारा जनपद में लकड़ी डिपो स्थापित करने की मांग रखी। बैठक में मिनी औद्योगिक आस्थान गरुड़ में रिक्त शैडो के आवंटन पर भी विचार विमर्श किया गया, जिस पर महाप्रबंधक उद्योग ने बताया आवंटन को दिशा–निर्देश के लिए शासन का पत्र प्रेषित किया है। कहा ताम्र ग्रोथ सेंटर में थ्री फेज 25 केवीए में विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा चुका है, साथ ही ग्रोथ सेंटर में मशीनें भी स्थापित कर दी है। उद्यमी इंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उनके द्वारा 25 केवीए का सौलर प्लांट लगाया गया है, जिसमें तकनीकी खामियों के कारण अपेक्षित विद्युत उत्पादन नहीं हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने सौलर वैंडर से वार्ता कर तुरंत ठीक कराने के निर्देश उरेडा को दिए। यहां मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, महाप्रबंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल, लीड बैंक अधिकारी एनआर जौहरी थ्रीश कपूर, आनंद खोलिया, केवलानंद, डॉ. जितेंद्र तिवारी रहे।

## अल्मोड़ा में फार्मासिस्टों के कार्य बहिष्कार से मरीज परेशान

अल्मोड़ा। लंबित मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने से फार्मासिस्टों का सब्र जवाब दे गया है। आक्रोशित फार्मासिस्टों ने दूसरे दिन भी सुबह आठ से दस तक दो घंटे कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान सरकारी अस्पतालों के दवा काउंटर से मरीजों को दवाएं नहीं मिल सकी। इससे मरीज परेशान रहे। मंगलवार को फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डीके जोशी कहा कि आईपीएचएस मानक में संशोधन कर फार्मासिस्ट संवर्ग के पदों में वृद्धि किए जाने, दो साल की सेवा पर मिलने वाले नॉन फंक्शनल वेतनमान को इंगनोर करते हुए एसीपी का लाभ देने, आईपीएचएस के मानकों में संशोधन कर फार्मासिस्टों के पदों को बढ़ाने, रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नती करने, पोस्टमार्टम भत्ता



बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर फार्मासिस्ट विभिन्न माध्यमों से शासन प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन अब तक उनकी मांगों पर गौर नहीं किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस दौरान कर्मचारियों ने एक स्वर में जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। यहां जनपद मंत्री रजनीश जोशी, श्याम लाल, जेएस देवड़ी, जेएस मनराल, बीडी साह, पवन जोशी, चंपा, मनोज पांडे, बीडी साह आदि रहे।

## नगरपालिका भवन के पुनर्निर्माण की निविदा जारी होने से आक्रोश

पिथौरागढ़। नगरपालिका भवन के पुनर्निर्माण निविदा जारी होने पर सभासद ने नाराजगी जताई है। सभासदों का कहना है कि पहले ही बोर्ड बैठक में पुनर्निर्माण कार्य पर वे आपत्ति जता चुके हैं। यहां तक सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित भी हुआ तो फिर से निविदा जारी करना समझ से परे हैं। नगरपालिका के सभासद अनिल माहरा ने ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया। उनका कहना है कि पूर्व में ग्रामीण निर्माण विभाग की ओर से नगरपालिका के पुराने भवन को तोड़कर नया भवन बनाने के लिए स्ट्रक्चरल डिजाइनिंग निविदा आमंत्रित की थी। नगरपालिका के सभासदों ने इसका विरोध करते हुए विभाग को ज्ञापन दिया। बाद में विभाग ने निविदा निरस्त कर दी, लेकिन एक बार फिर से निविदा आमंत्रित की गई है।

जबकि इस बीच 11 अप्रैल को नगर की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया था कि पुराने भवन को संरक्षित किया जाएगा और नए भवन को दूसरे स्थान पर राज्य सरकार की भूमि पर बनाया जाएगा।

इससे वाहनों को पार्किंग से सुविधा भी मिल सके। नए स्थान पर भवन बनने से दूसरे क्षेत्रों का भी विकास होगा।

## दो हजार की रिश्वत लेने के आरोप में लिपिक निलंबित

रुद्रपुर। नगरपालिका परिषद के लिपिक को दो हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पालिकाध्यक्ष के निर्देश पर ईओ ने यह कार्रवाई की है। साथ ही लिपिक के खिलाफ विभागीय जांच की संस्तुति की गई है। नगरपालिका में कार्यरत लिपिक शिव प्रसाद गुप्ता पर किसी काम को कराने के एवज में दो हजार रुपये लेने का आरोप लगा था। इस मामले में एक व्यक्ति ने उनको रुपये देने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो के आधार पर चेयरमैन गुलाम गौस के निर्देश पर ईओ जगदीश चंद्रा ने उनको निलंबित कर दिया है। ईओ ने बताया कि लिपिक के खिलाफ विभागीय जांच की संस्तुति की गई है। निलंबन की अवधि में शिवप्रसाद गुप्ता, उपजिलाधिकारी बाजपुर, कैम्प गदरपुर से संबद्ध रहेंगे। वहीं उनके दायित्वों को अन्य लिपिक अशोक कुमार बांगा को सौंपा गया है। वहीं निलंबित किए गए लिपिक शिव प्रसाद गुप्ता का कहना है कि उन्हें साजिशन फंसाया गया है।

### डीडीए समाप्त करने की मांग पर संघर्ष समिति मुखर

अल्मोड़ा। जिला विकास प्राधिकरण समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर अल्मोड़ा में सर्वदलीय संघर्ष समिति का धरना–प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को भी समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों के लोगों ने गांधी पार्क में धरना दिया। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। शासनादेश जारी होने तक आंदोलन पर अडिग रहने की चेतावनी दी। समिति के संयोजक व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि पांच साल से वह लोग डीडीए समाप्ति की मांग पर धरना दे रहे हैं। बावजूद इसके सरकार इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

## विवादित फर्म पर कार्रवाई की मांग



पिथौरागढ़। आउटसोर्स से कम्प्यूटर ऑपरेटर रखने को लेकर अनियमितता पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने डीएम रीना जोशी से विवादित फर्म के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश कुमार ने कहा कि सभी तहसीलों के भू लेख व जनाधार केंद्रों में कम्प्यूटर ऑपरेटर रखे जाने हैं। जिसमें ई टेण्डरिंग की प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है। 2.50 लाख से ऊपर की निविदा के लिए ई–टेडरिंग प्रक्रिया की जाती है। कहा कि निविदा में न्यूनतम मजदूरी संबधित शासनादेश का पालन भी नहीं किया जा रहा है।

# डीएम ने घुड़दौड़ी कॉलेज में मारा छापा, हॉस्टल से मिली शराब की खाली बोतल और सिगरेट



घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण करते हुए डीएम डॉ. आशीष चौहान।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी में कॉलेज प्रशासन से कॉलेज मैनेजमेंट और कानून व्यवस्थाओं के संबंध में वार्ता की। इस दौरान डीएम ने हॉस्टल में छापेमारी की। साथ ही परिसर के अन्दर और बाहर दुकानों की भी तलाशी ली। इसके अलावा डीएम ने साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

हॉस्टल में छापेमारी के दौरान जिलाधिकारी ने कई अनियमितताएं पाई। कतिपय छात्रों के रूम में शराब की खाली बोतल और इस्तेमाल की गई सिगरेट मिली। हॉस्टल के अंदर खाने की सामग्री, तैयार भोजन और छुरी-चाकू पाये गये। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित वार्डन की व कॉलेज प्रशासन की लापरवाही मानी। उन्होंने संबंधित वार्डन पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही जिम्मेदार अन्य लोगों की भी जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने इंजीनियरिंग कॉलेज के कतिपय छात्रों के विवाद में संलिप्तता के संबंध में निर्देशित किया कि जो भी छात्र तथा कॉलेज प्रशासन के लोग इसमें दोषी पाये जाते हैं उन पर सख्त कार्यवाही की जाय। डीएम ने परिसर के गेट पर नियमानुसार प्रवेश-निकासी करने वालों का ब्यौरा दर्ज करते रहने तथा गेट पर सुरक्षा को बेहतर करने को कहा। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रत्येक माह कॉलेज प्रशासन के साथ एक बार कानून व्यवस्था, कॉलेज मैनेजमेंट के संबंध में बैठक आयोजित करने एवं उपजिलाधिकारी सदर को बीच-बीच में हॉस्टल के निरीक्षण की रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, तहसीलदार यशवीर सिंह, ई-डिस्ट्रीक मैनेजर प्रकाश चौहान सहित कॉलेज प्रशासन के अधिकारी-कार्मिक उपस्थित थे।

**दुकान पर कार्यवाही करने को कहा**

कॉलेज परिसर से सटी दुकानों में छापेमारी के दौरान जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एक दुकान में 5 डोमेस्टिक गैस सिलेंडर का अनधिकृत उपयोग करते पाये जाने पर जिला पूर्ति कार्यालय को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। दुकान के बाहरी ओर बड़ी संख्या में शराब की खाली बोतलें बरामद होने व दुकान के भीतर लाइटर इत्यादि पाये जाने पर डीएम ने आबकारी विभाग को इस संबंध में संबंधित दुकान पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## 1064 श्रद्धालुओं का किया उपचार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं में यदि किसी का स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार किया जा रहा है। यात्रा मार्ग से श्री केदारनाथ धाम तक चिकित्सकों की तैनाती की गई है।

## सरकार छात्रा के परिवार की जिम्मेदारी उठाएं : कांग्रेस

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड द्वारीखाल की ग्रामसभा हथनूड़ के ग्राम पल्ला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने जा रही छात्रा की मौत पर कांग्रेस ने शोक जताया है। कांग्रेस ने सरकार से पीड़ित परिवार की जिम्मेदारी उठाने की भी मांग की है। रविवार को छुट्टी के दिन बच्चों को क्यों बुलाया इसकी भी जांच होनी चाहिए और पीड़ित परिवार को न्याय दिया जाना चाहिए।पौड़ी पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सलाहकार डा. प्रेम बहुखंडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के दौरान द्वारीखाल ब्लाक के एक प्राथमिक स्कूल की छात्रा की स्कूल जाते समय सांड के हमले से हुई मौत पर दुःख जताया। कहा कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही है। इस मामले में सरकार को पीड़त परिवार से माफी मांगनी चाहिए और सरकार को पीड़ित परिवार की जिम्मेदारी उठानी चाहिए।

# रौता स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका निलंबित, बीईओ कार्यालय अटैच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्रदेश सरकार के सरकारी विद्यालयों में व्यवस्थाएं दुरस्त करने के दावे खोखले नजर आ रहे है। जनपद पौड़ी गढ़वाल के थलीसैंण ब्लॉक में प्रभारी प्रधानाध्यापिका द्वारा बच्चों के पठन-पाठन के लिए एक महिला को रखे जाने और स्कूल से आए दिन गायब रहने का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल से गायब रहने व विद्यालय में बच्चों के पठन–पाठन के लिए गांव की एक महिला को रखे जाने सहित अन्य अनियमितताओं के मामले में शिक्षा विभाग ने थलीसैंण के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रौता की प्रभारी प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर दिया है। निलंबित प्रधानाध्यापिका को उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय थलीसैंण से संबद्ध कर दिया है।

खंड शिक्षा अधिकारी थलीसैंण विवेक पवांर ने बताया कि बीते 29 अप्रैल को प्रभारी समन्वयक सीआरसी पोखरी ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रौता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाध्यापिका अनुपस्थित पाई गई। छात्रों व एक अन्य स्थानीय व्यक्ति द्वारा बताया गया कि प्रभारी प्रधानाध्यापिका अक्सर स्कूल से गायब रहती है। इतना ही नहीं, यह भी बताया गया कि विद्यालय में पढ़ाने के लिए ग्राम गडसारी की एक महिला आती है। निरीक्षण के दौरान स्कूल में छात्र व अध्यापक उपस्थिति पंजिका व अन्य कार्यालय अभिलेख नहीं पाए गए। बच्चों द्वारा यह भी बताया गया कि उनके लिए मध्याह्न भोजन भी नहीं बनाया जाता है। खंड शिक्षा अधिकारी थलीसैंण विवेक पवांर ने बताया कि इससे पहले भी उक्त शिक्षिका को कार्य में सुधार लाने की हिदायत दी गई थी। लेकिन सुधार नहीं देखने को मिला। उन्होंने बताया कि इसकी जांच रिपोर्ट बनाकर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा पौड़ी को भेजी गई। मामले को गंभीरता से लेने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा डा. शिव पूजन सिंह ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रौता की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रुपा रावत को निलंबित करने के साथ ही उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय थलीसैंण संबंद्व करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

## स्कूल के स्थापना दिवस पर छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

श्रीनगर गढ़वाल : भगवती मैमोरियल पब्लिक स्कूल श्रीनगर का 35 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की 34 साल की उपलब्धियों को सबके समक्ष रखा गया। मौके पर कैच योर ड्रीम थीम के तहत स्थापना दिवस पर अभिभावकों व छात्र-छात्राओं के साथ करियर काउंसिलिंग पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सीएमएस रावत ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प, इच्छा शक्ति से ही छात्र अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते है। कहा कि सपने साकार करने के लिए प्रैक्टिकल एप्रोच और कड़ी मेहनत बहुत जरूरी है। अतिविशिष्ट अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी प्रो. डीआर पुरोहित ने छात्रों को कहानी के माध्यम से प्रेरित किया। इस अवसर पर अमेरिका से आये विद्यालय के पूर्व छात्र रह चुके डॉ. अंकुश नौटियाल व उत्कर्ष बहुगुणा ने छात्रों को करियर काउंसिलिंग के टिप्स दिए। कार्यक्रम में मेडिकल कालेज के डा. मोहित सैनी, डा. अरूण कुकशाल, डा. हरीश भट्ट, बृजेश भट्ट, केशर कोटियाल, उमेश शुक्ला, अखिलेश बहुगुणा, पूरन थपलियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## शिक्षा महानिदेशक और प्रधानाचार्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड द्वारीखाल की ग्रामसभा हथनूड़ के ग्राम पल्ला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने जा रही छात्रा की मौत पर युवा कांग्रेस ने शिक्षा महानिदेशक उत्तराखंड और स्कूल के प्रधानाचार्य के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी।

युवा कांग्रेस ने शिक्षा महानिदेशक व स्कूल के प्रधानाचार्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई। मंगलवार को युवा कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने कहा कि बीते रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के लिए शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी व द्वारीखाल के राप्राव‍ि हथनूड़ के प्रधानाचार्य के द्वारा छात्रों को मजबूर किया गया व उनको रविवार के दिन आवश्यक रूप से स्कूल बुलाया गया। जिसमें ग्राम पल्ला की गरीब परिवार से आने वाली कक्षा पांच में पड़ने वाली छात्रा आईना बानो स्कूल जा रही थी, लेकिन रास्ते में उसे आवारा पशु द्वारा कुचल दिया गया। जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इसकी मौत के जिम्मेदार शिक्षा महानिदेशक हैं, जिन्होंने आदेश जारी कर छात्रों को छुट्टी के दिन स्कूल आने के लिए मजबूर किया। उन्होंने एसएसपी को तहरीर देते हुए उक्त प्रकरण की जांच करते हुए शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी और स्कूल के प्रधानाचार्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कोट विजयदर्शन बिष्ट, पारस रावत, अंकित सुंदरियाल, मुकुल पंवार, आशीष नेगी आदि शामिल थे।

## चकराता बस स्टैंड पर किया हाईटेक शौचालय का लोकार्पण

विकासनगर। छावनी परिषद चकराता में बस स्टैंड पर स्थित हाईटेक शौचालय को आधुनिक रूप दिए जाने के बाद आज सुबह मुख्य अधिशासी अधिकारी आरएन मंडल ने शौचालय का लोकार्पण किया। कहा कि बाहरी क्षेत्र से आने वाले पर्यटकों व स्थानीय ग्रामीणों को लाभ मिल सकेगा।मुख्य अधिशासी अधिकारी आरएन मंडल ने बताया कि चकराता बस स्टैंड पर रोजाना बड़ी संख्या में यात्री व पर्यटक आते हैं। लेकिन यहां स्थित शौचालय की हालत बहुत खराब थी।


### उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से [illegible] द्वारा ई-टेण्डर निम्न टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदाकार द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेण्डर संख्या दिनांक | 38-DRM-23-24 Dt : 28.04.2023 |
| कार्य का नाम | Dismantling of existing & fabrication, erection & launching of new girders of kapoor company and to and FOB in MB under ADEN/HQ/MB |
| टेण्डर क्लोजिंग दिनांक / समय | 25.05.2023 15:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 7,10,38,495.85 |
| धरोहर राशि | 5,05,300.00 |
| टेण्डर फार्म की लागत | 0.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 Months |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 11.05.2023 |

टेण्डर नं. 75-W/2/3/WA-38/Publication दिनांक : 01.05.2023 1421/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

टेण्डर नं. DEN-IV/Publication/37-39-40/23 दिनांक : 01.05.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई-टेण्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 15:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदाकार द्वारा केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेण्डर संख्या | 37-DRM-MB-23-24 dt. 27.04.2023 | 39-DRM-MB-23-24 dt. 01.05.2023 | 40-DRM-MB-23-24 dt. 01.05.2023 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of sump well and soak pit for LHS at LC 1, 2, 3, 4, 6, 7 between KRJ-MTC section under ADEN/HPU | Provision of sump well and soak pit for LHS at LC 27, 28, 29, 36, 42, 43 between KRJ-MTC section under ADEN/HPU | Provision of sump well and soak pit for LHS at LC 9, 10, 11, 12, 14, 16 between KRJ-MTC section under ADEN/HPU |
| टेण्डर क्लोजिंग दिनांक | 23.05.2023 | 23.05.2023 | 23.05.2023 |
| टेण्डर क्लोजिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,40,44,253.06 | 1,40,44,253.06 | 1,49,44,253.06 |
| धरोहर राशि | 2,24,700.00 | 2,24,700.00 | 2,24,700.00 |
| टेण्डर फार्म की लागत | शून्य | शून्य | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 6 माह | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 09.05.2023 | 09.05.2023 | 09.05.2023 |

1308/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## फर्जी आईडी बनाने के आरोप में नेपाली मूल के दो व्यक्ति गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : फर्जी आधार कार्ड बनवाकर पहचान छिपाकर रहने वाले दो नेपाली मूल के व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ फर्जी आईडी बनाने को लेकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

उपनिरीक्षक हेमकांत सेमवाल ने बताया कि बाहरी राज्यों से जिले में कार्यरत, निवास करने वाले, संदिग्ध रूप से घूमने वाले व्यक्तियों के सत्यापन को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान कृष्ण पौडेल, 36 वर्ष पुत्र हरि कुमार पौडेल, ग्राम किसपाजी, थाना किसपांग, जिला नुवाकोट, नेपाल व कृष्ण बहादुर थापा 42 वर्ष पुत्र हेम बहादुर थापा, निवासी ग्राम थानापती थाना शिवापुरी जिला नुवाकोट नेपाल की आईडी चैक की गई तो आईडी में समानता नहीं पाई गई। पूछताछ पर पता चला ये दोनों फर्जी आधार कार्ड बनवाकर रह रहे थे।

दोनों द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनवाकर फर्जी दस्तावेज का असली के रूप में गलत प्रयोग किया जा रहा था। जिस पर दोनों को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। दोनों नेपाली मूल के व्यक्तियों से कूटरचित भारतीय आधार कार्ड, कूटरचित आधार कार्ड से लिए गए 2 सिम व नेपाल का ड्राइविग लाईसेंस, मतदाता पहचान पत्र मिले है। पुलिस टीम में दिनेश नेगी, गोपाल सिंह आदि शामिल थे।

### राष्ट्रीय स्तरीय इंस्पायर अवार्ड के लिए छात्र चयनित

श्रीनगर गढ़वाल : इंटर कॉलेज ढामकेश्वर कटूलस्यूं के कक्षा आठ के छात्र किशन का चयन राष्ट्रीय स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। किशन ने देहरादून में डॉल्फिन इंस्टीट्यूट मांडूवाला सुद्धोवाला में 26-27 अप्रैल को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था।

जहां से उसका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार तड़ियाल ने कहा कि छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। कहा राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन होने पर किशन का विद्यालय में सम्मान भी किया गया।

## कंट्रोल रूम में वरिष्ठ अधिकारी की तैनाती करें : डीएम

श्रीनगर गढ़वाल : जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने सोमवार रात 8 बजे श्रीनगर तहसील परिसर में स्थित चार धाम यात्रा कंट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कंट्रोल रूम में चार धाम यात्रा से संबंधित पूर्व में दिए गए निर्देशों एवं निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

डीएम ने तहसील कर्मियों और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को निर्देशित किया कि चार धाम यात्रा कंट्रोल रूम में वरिष्ठ अधिकारी की तैनाती करें। साथ ही उन्होंने 24 घंटे की अवधि के लिए गार्ड एवं दूरभाष पर रिसीव करने और प्रेषित करने वाले की तैनाती करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने श्रीनगर में साफ-सफाई नियमित रूप से दुरुस्त रखने, शौचालय साफ-सुथरे रखे जाने, पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति कराए जाने तथा होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि की नियमित रूप से चैकिंग के निर्देश दिए। ओवर रेटिंग पर उन्होंने कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को भी श्रीनगर के उनके कंट्रोल रूम को लगातार अपडेट रखने और चार धाम यात्रा को निर्बाध रूप से संचालित करने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं को संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश श्रीनगर के आस-पास चारधाम यात्रियों को आवागमन के दौरान रुकना पड़ता है तो उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। (एजेंसी)


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एलआईसी पॉलिशी संख्या 271369965 में मेरा नाम सुंदरी देवी डोबरियाल पत्नी ब्रजमोहन डोबरियाल गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम मुन्नी देवी पत्नी ब्रजमोहन है। अतः एलआईसी पॉलिशी संख्या 271369965 में मेरा सही व वास्तविक नाम मुन्नी देवी पत्नी ब्रजमोहन लिखा व पढ़ा जाए।

**मुन्नी देवी पत्नी स्व0 ब्रजमोहन डोबरियाल निवासी ग्राम बुरांसी, बाघांट, तहसील सतपुली, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


## स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों की तैनाती की मांग को डीजी को सौंपा ज्ञापन

विकासनगर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खबऊ क्वांसी, बरोंथा, मानथात में स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की मांग को लेकर भाजपा नेता ने स्वास्थ्य महानिदेशक को ज्ञापन सौंपा। महानिदेशक को सौंपे ज्ञापन में बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खबऊ में फार्मेसिस्ट और सफाई कर्मी नहीं है। साथ ही क्वांसी, बरोंथा और मानथात में एक ही फार्मेसिस्ट संबद्ध है जिसके चलते इन सभी स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था बिगड़ी हुई है।

## एनआईटी में नए सिरे से होगी भर्ती प्रक्रिया

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान(एनआईटी) उत्तराखंड श्रीनगर में करीब 32 पदों पर अभी डेढ़ माह पूर्व हुई भर्ती परीक्षा व इंटरव्यू निरस्त कर दिए गए हैं। जबकि कुलसचिव पद पर चयनित हुए अभ्यर्थी के द्वारा ज्वाइन नहीं किया गया है। जिसके कारण अब एनआईटी प्रशासन कुलसचिव सहित निरस्त की गई भर्ती प्रक्रिया पर नए सिरे से विज्ञप्ति जारी करेगा। एनआईटी प्रशासन का कहना है कि जून माह तक सभी पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न करा दी जाएगी।

एनआईटी में उप कुलसचिव सहित सुपरीटेंडेंट, असिस्टेंट, टेक्निकल असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर आदि पदों के लिए डेढ़ माह पूर्व भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई थी। लेकिन डिप्टी रजिस्ट्रार पद पर नियुक्ति प्रक्रिया का मामला हाईकोर्ट में चला गया। जिस पर हाईकोर्ट की ओर से डिप्टी रजिस्ट्रार पद पर भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई। जिस पर एनआईटी प्रशासन हरकत में आया है।

## सफाई व्यवस्था पर जिला प्रशासन का फोकस, पर्यावरण मित्रों की तैनाती

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम में बेहतर साफ-सफाई को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। यात्रा मार्ग एवं धाम की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम की सफाई व्यवस्था के लिए पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई है। जलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के लिए सुलभ इंटरनेशनल एवं नगर पंचायत केदारनाथ के पर्यावरण मित्र भारी बारिश व बर्फवारी में विषम कठिन परिस्थितियों में निरंतर साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है, ताकि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। सुलभ इंटरनेशनल के इंचार्ज धनंजय पाठक ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम में निरंतर बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था हो इसके लिए सफाई व्यवस्था हेतु 336 पर्यावरण मित्रों को केवल सफाई के लिए ही तैनात किए गए हैं।


### उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टिटी संख्या : U40109UP2001SGC025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

### निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0 व ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हों) दिनांक 25.05.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के कार्यालय से दिनांक 24.05.2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/ सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 01/2023-24 | रू0 500/- | वि0वि0 उपखण्ड स्यूसी- बीरोंखाल के अन्तर्गत नये संयोजन निर्गत किये जाने हेतु लाइन, उपसंस्थान निर्माण/क्षमता वृद्धि व अन्य कार्य। | 18000.00 |
| 02/2023-24 | रू0 500/- | वि0वि0 उपखण्ड स्यूसी- बीरोंखाल- रिखणीखाल के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त परिवर्तक बदलना का कार्य। | 25000.00 |
| 03/2023-24 | रू0 100/- | वि0वि0 उपखण्ड स्यूसी के अन्तर्गत पेयजल निर्माण निगम हेतु ग्राम - किलाद में लाइन निर्माण का कार्य। | 5000.00 |

पत्रांक : 320/विविखनै/टी-8
दिनांक : 01.05.2023

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



# कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद हरिद्वार

## अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक 104 / राज्य वित्त आयोग / 2023-24 दिनांक :- 27/04/23

निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्न नालों एवं तालाबों की सफाई एवं खुदाई का कार्य प्रस्तावित है। इसके लिये दिनांक 18.05.23 को समय 3.00 बजे सांय तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन गठित कमेटी द्वारा नगर पालिका परिषद लक्सर के कार्यालय में खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र दिनांक 17.05.23 को दोपहर 12.00 बजे तक क्रय किये जा सकते है। कोई भी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/कमेटी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 07 खसरा नम्बर 135 एस0बी0आई बैंक के पीछें तालाब खुदाई का कार्य। | 12.42 | 1500+ GST | 38000 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड 01 में अम्बेडकर मूर्ति के पास तालाब सफाई एवं तार बाड का कार्य। | 4.77 | 500+ GST | 15000 | 30 दिन |
| 3 | वार्ड 01 में अम्बेडकर नगर कोतवाली के पीछें तालाब की सफाई का कार्य। | 3.70 | 500+ GST | 12000 | 30 दिन |
| 4 | नगर पालिका परिषद लक्सर सीमान्तर्गत वार्ड 01, 05, 06, 07, 08, 09 में नालों की सफाई का कार्य। | 5.98 | 1000+ GST | 18000 | 30 दिन |
| 5 | नगर पालिका परिषद लक्सर सीमान्तर्गत वार्ड 02, 03, 04, 10, 11 में नालों की सफाई का कार्य। | 7.60 | 1000+ GST | 23000 | 30 दिन |

शेष जानकारी कार्यालय से कार्यालय समय/दिवस पर जानी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

**अध्यक्ष,**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

## सम्पादकीय

## माननीयों का शर्मनाक आचरण

उत्तराखंड पिछले कुछ समय से ऐसे कारनामे सामने आ रहे हैं जो ना केवल प्रदेश की छवि को खंडित कर रहे हैं बल्कि राजनीति के धुरंधरों की नैतिकता पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। राज्य बनने के बाद से ही उत्तराखंड को जो विधायक मिले वह शायद अपनी जीत को पचाने में कामयाब नहीं हो पाए। उम्मीद नहीं थी कि प्रदेश बनने के बाद विधायक बनने का भी मौका मिल जाएगा या राजनीति के क्षेत्र में वह मुकाम मिलेगा जो शायद उत्तर प्रदेश में रहते हुए कभी नहीं मिल पाता। प्रदेश गठन के बाद ऐसे मामले भी सामने आए जिनमें नेताओं पर गंभीर आरोप लगे और उन्हें पद से हाथ धोना पड़ा। सरकारें भी अपने मंत्रियों व विधायकों पर नियंत्रण करने में कामयाब नजर नहीं आई और अपने ही विधायक और मंत्री कई मौकों पर सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे दिखे। अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर विधायकों या फिर नेताओं का आचरण कैसा होना चाहिए? देश दुनिया को अच्छे बुरे की दिशा दिखाने वाले नेता यदि खुद नैतिकता की सीमाओं को पार करेंगे तो उनसे कैसे देश और राज्य के विकास की कल्पना की जा सकती है। उत्तराखंड में भी नेताओं ने कई बड़े कारनामे कायम किए हैं जो अक्सर समाचार पत्रों की सुर्खियों में बने रहे। हालिया मामला उत्तराखंड के वित्त मंत्री से जुड़ा हुआ है जिनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में सड़क पर मारपीट हो रही है जिसमें स्वयं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान वित्त मंत्री ऋषिकेश विधानसभा से विधायक प्रेमचंद अग्रवाल एक व्यक्ति से मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। घटना किन कारणों से घटित हुई, इस सब के पीछे कारण चाहे जो भी रहा हो लेकिन जो दृश्य वीडियो में नजर आ रहे हैं वह आम नागरिक को हतप्रभ कर रहे हैं। क्या एक विधायक व कैबिनेट मंत्री का ऐसा आचरण सड़क पर शोभा देता है? किस बात पर विवाद हुआ या जांच के बाद स्पष्ट होगा लेकिन ऐसे ही कुछ मौके होते हैं जिनमें में जनप्रतिनिधियों को अपने विवेक एवं राजनीतिक कुशलता का परिचय देना होता है। इस मारपीट में नेताओं के आचरण पर सवाल खड़े किए हैं वह भी उन परिस्थितियों में जब प्रदेश का एक कद्दावर नेता सड़क पर सरेआम मारपीट करता हुआ नजर आ रहा हो। निश्चित तौर पर वीडियो सरकार की छवि पर प्रश्नचिन्ह खड़ी करने वाला है और यही कारण है कि मुख्यमंत्री ने भी इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वित्त मंत्री को तलब किया है। जाहिर है एक मंत्री का आचरण ऐसा नहीं होना चाहिए। सत्ता के शीर्ष पदों पर बैठे लोगों को ही यदि अपनी ही सरकार की कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है तो कल्पना की जा सकती है कि एक आम आदमी कैसे कानून व्यवस्था पर विश्वास करेगा? मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इस मामले में निष्पक्ष जांच करानी चाहिए यह नहीं होना चाहिए कि एक व्यक्ति विशेष के प्रभाव के आगे पूरा ठीकरा दूसरे पक्ष पर ही छोड़ दिया जाए। देवभूमि उत्तराखंड की धर्म नगरी ऋषिकेश में जो कुछ भी घटित हुआ है वह बेहद शर्मनाक है। आए दिन सड़कों पर इस प्रकार की भिड़ंत होती है, लेकिन मामला तब अलग हो जाता है जब शीर्ष पद पर बैठा कोई मंत्री सरेआम सड़क पर किसी आम नागरिक पर हाथ उठाता हुआ नजर। आशा की जाती है कि पुलिस विभाग इस मामले में किसी के प्रभाव में आकर एक पक्षीय कार्रवाई नहीं करेगा और पूरे मामले की तह तक जाकर दूध का दूध और पानी का पानी किया जाएगा।

# बोफोर्स नहीं बन रहा अदानी का मुद्दा!

**अजीत द्विवेदी**




राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रवक्ताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता अदानी मसले पर चुप हो गए हैं। कांग्रेस के बड़े नेता संसद के बजट सत्र में भले संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी बनाने की मांग करते हुए हंगामा करते रहे और अदानी मसले पर संसद की कार्यवाही ठप्प करते रहे लेकिन उसके बाद वे इस मसले पर बयान देने से बच रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े संसद में अदानी विरोध का केंद्र थे लेकिन कर्नाटक के चुनाव प्रचार में उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा है। राहुल गांधी ने भी अपनी एक–दो शुरुआती सभाओं में अदानी को निशाना बनाया लेकिन बाद में वे भी इस पुरानी बात पर लौटे कि भाजपा दो–तीन अरबपतियों के लिए काम करती है। कर्नाटक में कांग्रेस को चुनाव लड़वा रहे दोनों बड़े नेता सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार अदानी पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने दो दिन के चुनाव प्रचार में एक बार भी अदानी का नाम नहीं लिया।

कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्री हैं और तीनों इस पर चुप हैं। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बहुत प्रयास करके ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ चल रहा अदानी समूह का झगड़ा निपटाया, जिसके बाद ट्रांसपोर्टर्स ने अपनी हड़ताल खत्म की थी। राजस्थान में गौतम अदानी ने 50 हजार करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया है। सो, अदानी समूह पर हमला करना अशोक गहलोत के लिए भी राजनीतिक रूप से मुफीद नहीं होगा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने तमाम विरोध के बावजूद हसदेव जंगल के पेड़ काटने की मंजूरी दी। हसदेव अरण्य में अदानी समूह की कोयले की खदानें हैं, जहां से कोयला निकालने के लिए जंगल काटना जरूरी थी। जंगल को बचाने के लिए देश भर के सामाजिक संगठन और आदिवासी समूह विरोध कर रहे थे लेकिन अंततः जंगल काटने की मंजूरी दी गई। वहां अदानी समूह के साथ सरकार और कांग्रेस के कई नेताओं के नजदीकी संबंध हैं। सो, तीनों मुख्यमंत्रियों के लिए अदानी पर बोलना मुश्किल है।

कमलनाथ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष हैं और मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। वे शुरू से कॉरपोरेट समर्थक माने जाते हैं इसलिए उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वे अदानी के खिलाफ बोलेंगे। लेकिन यह सिर्फ कांग्रेस नेताओं या कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों की दुविधा या मुश्किल नहीं है, बल्कि दूसरी विपक्षी पार्टियां भी एक एक करके अदानी और हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मामले से दूर होती जा रही हैं। अगर किसी पार्टी के कुछ नेता या प्रवक्ता बयान दे भी रहे हैं तो बड़े नेता खासतौर से मुख्यमंत्री आदि इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। ममता बनर्जी से लेकर नीतीश कुमार तक अदानी का नाम लेने से बचते रहे हैं।

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने एक कदम आगे बढ़ कर अदानी को क्लीन चिट दे दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में अदानी और अंबानी की तुलना टाटा और बिड़ला से कर दी और अदानी का बचाव करते हुए कहा कि हिंडनबर्ग की साख के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है और ऐसा लग रहा है कि एक औद्योगिक समूह को जान बूझकर निशाना बनाया गया। इसके बाद गौतम अदानी मुंबई में उनसे मिलने उनके घर गए, जहां दोनों के बीच दो घंटे तक गोपनीय बैठक हुई। इस मुलाकात ने रही सही कसर पूरी कर दी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस की दोनों सहयोगी पार्टियां– एनसीपी और शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट को अदानी से दिक्कत नहीं है। गुजरात की प्रदेश कांग्रेस ईकाई को पहले से कोई दिक्कत नहीं है। डीएमके, बीआरएस वगैरह के लिए यह पहले भी कभी मुद्दा नहीं था। असल में हर राज्य में अदानी का कारोबार है, निवेश है और लोगों की नौकरियां हैं। इसलिए कोई भी पार्टी उसे निशाना नहीं बनाना चाहती है।

तभी सवाल है कि जब कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता और विपक्ष के नेता चुप रहेंगे तो राहुल गांधी इस मसले पर आगे क्या करेंगे? क्या वे अकेले अदानी का मुद्दा उठाते रहेंगे? ध्यान रहे अदानी समूह पर आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट विपक्ष के लिए बोफोर्स जैसा मुद्दा थी। इसमें वह सब कुछ था, जिसके आधार पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाए। विपक्ष ने इस मुद्दे पर उसी अंदाज में राजनीति भी की। संसद का पूरा बजट सत्र इस मसले पर जाया हुआ। लेकिन जब चुनावी राजनीति में इस मुद्दे के इस्तेमाल की बात आई है तो यह मुद्दा नहीं चल पाया। कर्नाटक में हो सकता है कि कांग्रेस चुनाव जीत जाए लेकिन उसमें अदानी और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का कोई हाथ नहीं होगा। कर्नाटक सरकार के ऊपर पहले से भ्रष्टाचार के आरोप हैं और राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर कांग्रेस के तमाम नेता उसे 40 फीसदी कमीशन वाली सरकार बता कर प्रचार कर रहे हैं।

यह भी संभव है कि रणनीतिक रूप से कर्नाटक में कांग्रेस ने अदानी का मुद्दा छोड़ा हो क्योंकि प्रदेश के नेता चाहते हैं कि विधानसभा का चुनाव राज्य के स्थानीय मुद्दों पर लड़ा जाए। अगर उसमें राष्ट्रीय मुद्दे लाए जाते हैं तो नरेंद्र मोदी का चेहरा आएगा और उनके ऊपर हमला करना होगा, जो कि कांग्रेस के लिए ठीक नहीं होगा। प्रदेश के नेताओं पर हमला करके भाजपा को हराया जा सकता है लेकिन अगर फोकस नरेंद्र मोदी के ऊपर होगा तो भाजपा को नुकसान की बजाय फायदा हो सकता है। हो सकता है कि इस वजह से कर्नाटक चुनाव में अदानी का मुद्दा नहीं बनाया गया हो। लेकिन कर्नाटक के बाहर भी अब यह कोई मुद्दा नहीं है और अगर कांग्रेस कर्नाटक में जीत जाती है तो यह तय मानना चाहिए कि तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी अदानी का मुद्दा नहीं होगा। फिर उसके बाद इस बात की कितनी संभावना रह जाएगी कि विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में इसका मुद्दा बनाएगा?

अगले लोकसभा चुनाव से पहले अदानी समूह और हिंडनबर्ग पर सुप्रीम कोर्ट की बनाई कमेटी की रिपोर्ट आ जाएगी। अगर सुप्रीम कोर्ट की बनाई विशेषज्ञ समिति ने कोई गंभीर गड़बड़ी नहीं बताई और सेबी की जांच में क्लीन चिट मिली तो विपक्ष का मुद्दा टांय टांय फिस्स हो जाएगा। ध्यान रहे पेगासस पर भी सुप्रीम कोर्ट ने तकनीकी विशेषज्ञों की कमेटी बनाई थी और उसने कोई गड़बड़ी नहीं पकड़ी। किसान मामले में भी सुप्रीम कोर्ट की विशेषज्ञ कमेटी कैसी थी और उसने क्या किया वह सबने देखा। इसलिए अदानी मसले पर भी विशेषज्ञ कमेटी से कोई खास उम्मीद नहीं की जा सकती है।

सवाल है कि ऐसा क्यों हुआ कि जिस रिपोर्ट ने अदानी समूह की बुनियाद हिला दी, जिस रिपोर्ट की वजह से अदानी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति से 33वें स्थान पर पहुंच गए, जिस रिपोर्ट से अदानी समूह की 10 लाख करोड़ रुपए की पूंजी डूब गई, उस रिपोर्ट का कोई बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाया? इसमें संदेह नहीं है कि इस विवाद ने आम लोगों तक यह बात पहुंचाई है कि कोई उद्योगपति है अदानी, जो प्रधानमंत्री का बहुत करीबी है। यह बात अपने आप में प्रधानमंत्री की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए पर्याप्त है। हो सकता है कि लोगों के मन में कोई धारणा बनी हो, जिसका प्रकटीकरण राष्ट्रीय चुनाव में हो लेकिन कम से कम अभी यह दिख रहा है कि एक राजनीतिक मुद्दे के तौर पर यह विपक्ष का सबसे बड़ा हथियार नहीं रह गया है।

**एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने एक कदम आगे बढ़ कर अदानी को क्लीन चिट दे दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में अदानी और अंबानी की तुलना टाटा और बिड़ला से कर दी और अदानी का बचाव करते हुए कहा कि हिंडनबर्ग की साख के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है और ऐसा लग रहा है कि एक औद्योगिक समूह को जान बूझकर निशाना बनाया गया। इसके बाद गौतम अदानी मुंबई में उनसे मिलने उनके घर गए, जहां दोनों के बीच दो घंटे तक गोपनीय बैठक हुई। इस मुलाकात ने रही सही कसर पूरी कर दी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस की दोनों सहयोगी पार्टियां— एनसीपी और शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट को अदानी से दिक्कत नहीं है। गुजरात की प्रदेश कांग्रेस ईकाई को पहले से कोई दिक्कत नहीं है। डीएमके, बीआरएस वगैरह के लिए यह पहले भी कभी मुद्दा नहीं था। असल में हर राज्य में अदानी का कारोबार है, निवेश है और लोगों की नौकरियां हैं। इसलिए कोई भी पार्टी उसे निशाना नहीं बनाना चाहती है।**

# मोदी गालियों को तौलने के बाद अब गिनने लगे!



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक गालियों को तौला करते थे। लेकिन शनिवार को कर्नाटक पहुंचे तो अचानक उनको लोकतंत्र का यह सिद्धांत ध्यान में आ गया कि इसमें बंदों को गिना करते हैं तौला नहीं करते। सो, उन्होंने गिन कर बताया कि कांग्रेस ने उनको 91 बार गालियां दी हैं। प्रधानमंत्री ने अभी कुछ ही दिन पहले तेलंगाना में उनको मिलने वाली गालियों का वजन बताया था। मोदी 12 नवंबर 2022 को तेलंगाना में एक सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने कहा था कि उनको रोजाना दो तीन किलो गालियां मिलती हैं। लेकिन उनके शरीर की बनावट ऐसी है कि इन गालियों से ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा था– मैं इसलिए थकता हूं क्योंकि मुझे रोज दो तीन गालियां खाने को मिलती हैं।

करीब छह महीने के बाद प्रधानमंत्री कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने गए तो शायद उनको अल्लामा इकबाल का यह शेर ध्यान आ गया– जम्हूरियत इक तर्जे हुकूमत है कि जिसमें बंदों को गिना करते हैं तौला नहीं करते। तभी उनको लगा कि जब जम्हूरियत में बंदों को गिना जाता है तो गालियों को भी गिना ही जाना चाहिए। गिनने का वजन ज्यादा होता है और उसका असर भी ज्यादा होगा। और सचमुच जब उन्होंने दो तीन गालियां खाने की बात कही थी तो लोगों ने उसे मजाक समझा था और उस पर हंसे थे। लेकिन जब उन्होंने गिन कर बताया है कि कांग्रेस ने उनको 91 बार गालियां दी हैं तो लोगों को इसकी गंभीरता समझ में आई है। जनता के भी भी मैसेज गया है और कांग्रेस को भी समझ में आया है कि सोच समझ कर बोलना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री के यहां गालियों को गिनने का सिस्टम है।

# एक और स्वागतयोग्य पहल

राजस्थान का स्वास्थ्य का अधिकार कानून पूरे देश में अपनी तरह की पहली पहल थी। उसी तरह गिग वर्कर्स के हितों के संरक्षण का कानून बनाना पहली पहल है। आशा है, अब दूसरे राज्य भी राजस्थान सरकार की पहल से सबक लेंगे।

सबको सेहत का अधिकार देने का कानून बनाने के बाद अब राजस्थान सरकार ने एक उतनी महत्त्वपूर्ण और पहल की है। स्वास्थ्य का अधिकार कानून पूरे देश में अपनी तरह की पहली पहल थी। उसी तरह गिग वर्कर्स के हितों के संरक्षण का कानून बनाना पहली पहल है। राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने यह कानून बनाने का एलान इस वर्ष फरवरी में पेश अपने बजट में किया था।

अब उस प्रस्तावित कानून का मसविदा तैयार कर लिया गया है। इसके तहत गिग वर्कर्स को उचित संरक्षण देने तथा उनके कल्याण की योजना लागू करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। गिग वर्क पिछले कुछ वर्षों में प्रचलित हुआ नया चलन है। इसके जरिए कंपनियों ने श्रमिकों के हक मारने का उपाय कर लिया है। आधुनिक तकनीक ने इसके लिए उन्हें सक्षम बनाया है। इस रूप में आधुनिक तकनीक श्रमिक वर्ग के हित संरक्षण के बजाय उनके शोषण में कंपनियों की सहायक बन गई है। इस प्रचलन के तहत श्रमिकों को काम पर रखने वाली कंपनियां खुद को 'एग्रीगेटरझ, 'मध्यस्थझ या 'सुविधादाताझ कहकर नियोक्ता के रूप में अपनी जिम्मेदारी से बच निकलती हैं।

गिग कर्मचारियों को बिना किसी निश्चित आय, बीमा, सेवानिवृत्ति, या पेंशन लाभ के खुद अपना ख्याल रखने के लिए छोड़ दिया जाता है । जिस कारोबार में वे हों, उनमें हर जरूरी निवेश उन्हें खुद करना पड़ता है। कंपनियां उनका ग्राहकों से संपर्क करवाने भर की सेवा देती हैं। बदले में वे उनके 25 से 30 फीसदी तक की आमदनी हड़प लेती हैं। टैक्सी सेवाओं से लेकर घर में साफ–सफाई और घरेलू उपकरणों की मरम्मत जैसी सेवाएं आज रूप में दी जा रही हैं। राजस्थान सरकार का अनुमान है कि वहां तीन लाख से अधिक गिग वर्कर इस समय काम कर रहे हैं। देश भर में यह संख्या 75 लाख से ऊपर बताई जाती है। इसलिए अब श्रम के इस रूप पर गौर करना जरूरी हो गया है। केंद्र और कुछ राज्य सरकारों ने इस श्रमिकों के कल्याण के कुछ कदम उठाए हैं। लेकिन उन्हें कानूनी संरक्षण देने की पहल पहली बार राजस्थान में ही हो रही है। आशा है, इससे दूसरे राज्य भी सबक लेंगे।

# क्या है फासिज्म, जिसकी आहट कई देशों में!

**श्रुति व्यास**

आईए, आज 'फासिज्मझ पर बात करें। क्यों? इसलिए क्योंकि इन दिनों यह जुमला फैशनेबिल है। शासन का यह अंदाज जहा दुनिया के शासकों में लोकप्रिय हो रहा है वही समझदारों–बुद्धीमानों की चिंता का कारण। इतालवी लेखक और होलोकॉस्ट (जर्मनी में यहूदियों के कत्लेआम) से जिंदा बच निकले प्रीमो लेवी की मानेतो फासिज्म के लिए "केवल पुलिसिया आतंक ही पर्याप्त नहीं है बल्कि सूचनाओं तथा जानकारियों को छुपाकर या उन्हे तोड़–मरोड़ कर पेश करने, झूठ से उसकी जमीन तैयार की जाती है। अदालतों को कमज़ोर करके, शिक्षा व्यवस्था को पंगु बनाकर और कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीकों से जनता के मन में अतीत के उस काल्पनिक काल, जब कुछ ठीक था, को वापस लाने की चाहत पैदा करकेदेश में फासिज्म की भक्ति बनाई जाती है।

हां, दुनिया के समझदार लोकतांत्रिक देशों में भी इन दिनों फासिज्म के क़दमों की आहट सुनायी पड़ रही है।इसलिए हमें चीज़ों को समझना होगा, सतर्क रहना होगा और सही निर्णय लेने होंगे।वक्त गवाह है कि फासिज्म हमेशा से एक घृणास्पद व डरावना शब्द रहा है। परंतु यह भी सही है कि 'एफझ अक्षर से शुरू होने वाले अंग्रेजी के एक दूसरे शब्द (जिसे शरीफ लोग इस्तेमाल नहीं करते) की तरह, फासिज्म शब्द का प्रयोग भी बिना सोचे–विचारे किसी भी चीज के लिए किया जाता रहा है। जब दूसरा महायुद्ध खत्म होने की ओर था तो लगा था कि फासिज्म की हार होने जा रही है। लेकिनउस समय जार्ज ओरवेल ने भविष्यवाणी की थी कि आगे चलकर यह शब्द एक गाली भर रह जाएगा, जिसका प्रयोग किसी भी व्यक्ति और किसी भी चीज को गलियाने के लिए किया जाएगा झ "किसान, दुकानदार, सोशल क्रेडिट सिस्टम, शारीरिक सजा, लोमड़ी का शिकार, सांडों की लड़ाई, 1922 की कमेटी, 1944 की कमेटी, किपलिंग, गांधी, च्यांग काई शेक, समलैंगिकता, प्रीसले के रेडियो प्रसारण, यूथ हॉस्टल, ज्योतिष, महिलाएं, कुत्ते"।

फासिज्म दरअसल है क्या? यह उन शब्दों में से एक है जो इसलिए कुख्यात हैं क्योंकि उनकी कोई सटीक और पूर्ण परिभाषा नहीं है। मैंने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के छात्र के नाते कभी फासिज्म को एक विशिष्ट विचारधारा के रूप में नहीं पढ़ा झ एक ऐसी विचारधारा जिसकी कोई जड़ हो या जिसका कोई सैद्धांतिकआधार हो जैसे यथार्थवाद या उदारवाद के हैं। ना ही फासिज्म को समझने में कोई थ्यूसीदाइदीज या रूसो हमारी मदद कर सकता है। और ना ही कम्युनिज्म की तरह इसका कोई घोषणापत्र है। यही कारण है कि यदि आप किसी डिक्शनरी में फासिज्म का मतलब ढूढेंगे या इस शब्द को गूगल करेंगे तो जो उत्तर आपको मिलेगा वह निहायत ही अस्पष्ट होगा। और यही कारण है कि फासिज्म को परिभाषित करने या उसका अर्थ समझाने के लिए लगभग हमेशा हिटलर और यहूदियों के कत्लेआम का सहारा लिया जाता है। जाहिर है कि तब यह शब्द भय और अनिष्ट की आशंका पैदा करता है।इतिहास हमें बताता है कि फासिज्म, दरअसल, पहले महायुद्ध से उपजी विशिष्ट परिस्थितियों की प्रतिक्रिया था। इनमें शामिल था कुछ राष्ट्रों का अपमान, उदारवादी पूंजीवाद से मोहभंग और कम्युनिज्म का उदय। फासिज्म की जड़ों को हम इटली में ढूंढ़ सकते हैं जहां बेनिटो मुसोलिनी इस विचार का अगुआ था। उसने कहा था कि वो "देश को इस तरह से बदल डालना चाहता है कि आध्यात्मिक और भौतिक दृष्टि से वह इस हद तक परिवर्तित हो जाए कि उसे पहचानना ही मुश्किल हो जाए"। उसकी चाहत अतीत के अंधेरे में गुम हो चुके किसी स्वर्णयुग को वापिस लाने की नहीं थी। वो एक पूर्णतः नए समाज को आकार देना चाहता था।

धीरे–धीरे यह विचार रोमानिया में लोकप्रिय होने लगा, जहां के फासिस्ट आथीडॉक्स ईसाई थे। वे हिंसा के सहारे दुनिया को 'पवित्रझ बनाना चाहते थे और उनके अनुयायी यूरोप, अमरीका (कू क्लक्स क्लेन) और दुनिया के अन्य इलाकों में थे।अमरीका की पूर्व विदेशमंत्री और "फासिज्मः ए वार्निंग" पुस्तक की लेखिका मेडलिन अल्ब्राईट का कहना है कि "फासिज्म वामपंथियों, दक्षिणपंथियों या मध्यमार्गियों की विचारधारा नहीं है बल्कि यह एक तरह की प्रक्रिया है जिसमें कोई व्यक्ति या पार्टी, किसी राष्ट्र या किसी समूह का प्रतिनिधि होने का दावा करते हैं, पहले सत्ता पर काबिज होते हैं और फिर हमेशा सत्तासीन बने रहने का प्रयास करते हैं। फासिस्ट सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया से सत्ता में आ सकती है परंतु वह घोर लोकतंत्र–विरोधी होती है।" टिमोथी स्नाईडर, जो येल विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर हैं, का कहना है कि फासिज्म की सभी किस्में, तर्क और विवेक पर इच्छा और अभिलाषा की विजय हैं। 'द इकोनॉमिस्टझ इस बात से सहमत है कि फासिज्म की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है परंतु वह उसे 'एक्सेप्शनलिज्मझ (यह विचार कि कोई देश, समाज, नस्ल, संस्था या आंदोलन असाधारण और विशिष्ट है) व रेससेंटिमेंट (बदला लेने की चाहत) के आधार पर परिभाषित करता है और उसे ईर्ष्या और अपमान से उपजी कुंठा का मिश्रण बताता है। मतलब राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की चाहना के आगे रियलिटी, तर्क व विवेक सब खारिज और जनता उसके पीछे।

## फाइबर से भरपूर होती हैं... फिर डायबिटीज में क्यों नहीं खानी चाहिए गाजर?

गाजर में ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं और ये शरीर में ब्लड की कमी को दूर करने में भी बहुत मदद करती है. यही कारण है कि गाजर को सलाद में खाने की सलाह भी दी जाती है और इसका जूस पीने की भी. लेकिन शुगर के मरीजों के लिए गाजर खाना हानिकारक हो जाता है. क्योंकि गाजर खाने से ब्लड शुगर लेवल अचानक से हाई हो सकता है...

डायबिटीज में गाजर क्यों ना खाएं?

*इस बात में कोई शक नहीं है कि खून बढ़ाने के साथ ही गाजर पेट को साफ रखने का काम भी करती है, जिससे लिवर और आंते हेल्दी रहते हैं. लेकिन शुगर पेशेंट्स यदि गाजर की सलाद या जूस का सेवन करते हैं तो इनका ब्लड शुगर लेवल अचानक से हाई हो सकता है.

*ऐसा इसलिए होता है क्योंकि गाजर में नैचरल शुगर कंटेंट काफी हाई होता है, जिस कारण इसका सेवन करने से ब्लड में शुगर की मात्रा हाई हो जाती है और हम सभी काफी फ्रेश और एनर्जेटिक फील करते हैं. लेकिन यदि डायबिटीज के पेशेंट्स का शुगर लेवल इस तरह से अचानक बढ़ जाए तो यह हेल्थ के लिए बहुत बुरा हो सकता है. इसलिए शुगर पेशेंट्स को कभी भी गाजर का जूस या गाजर की सलाद अधिक मात्रा में नहीं लेने चाहिए.



# सुबह उठते ही हो रहा है सिर में दर्द तो ये नॉर्मल नहीं है! इसके पीछे हो सकती है ये बड़ी दिक्कत

क्या आपके दिन की शुरुआत सिरदर्द के साथ होती है... क्या आंख खुलते ही आपको सिर में भारीपन और गर्दन में अकडऩ महसूस होती है... क्या नींद खुलने के साथ ही आपको मितली महसूस होती है...अगर इन सवालों के जवाब हां हैं या इनमें से किसी एक भी सवाल का जवाब हां है तो आपको अपनी हेल्थ को लेकर अधिक गंभीर होने की जरूरत है, यहां जानें क्या करना है...

सुबह के समय क्यों होता है सिरदर्द?

*जिन लोगों को क्रॉनिक नेक पेन की समस्या होती है, उनकी सुबह अक्सर सिरदर्द के साथ होती है. हालांकि आपके सिरदर्द की वजह रात को आपका सही पोश्चर में ना सोना, गर्दन की नसों पर दवाब रहना भी हो सकता है. गर्दन दर्द के कारण होने वाली सिरदर्द की समस्या को सर्विकोजेनिक हेडऐक कहते हैं. क्योंकि ये सिरदर्द सर्विकल स्पाइन या सर्विकल मसल्स में होने वाली किसी समस्या के कारण होता है.

*सुबह के समय होने वाले सिरदर्द को लंबे समय तक अनदेखा ना करें. नहीं तो वक्त के साथ दर्द बढ़कर गर्दन और फिर कंधे तक पहुंच सकता है, जिससे नेक स्टिफिंग की समस्या हो सकती है. जिसे आम भाषा में गर्दन अकडऩा कहते हैं और इसमें गर्दन बिल्कुल भी मूव नहीं हो पाती है.

अक्सर होने वाला सिरदर्द?

यहां बताए गए दर्द के प्रकारों में से यदि किसी भी तरह का दर्द आपको परेशान कर रहा है तो घरेलू नुस्खे अपनाने की जगह डॉक्टर से मिलकर स्थिति को जल्द क्लियर कर लेना बेहतर होता है...

*हर दिन सुबह के समय होने वाला सिरदर्द

*रात को सोने से पहले होने वाला सिरदर्द

*अचानकर शुरू होकर 15 से 30 मिनट में बंद होने वाला सिरदर्द

*सिर के किसी भी एक साइड या फेस के किसी हिस्से में होने वाला दर्द

## इजरायल ने सीरिया में सैन्य ठिकानों पर फिर किया मिसाइल हमला

**दमिश्क, एजेंसी।** इजरायल ने सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में सैन्य ठिकानों पर फिर से मिसाइल हमला किया है। सीरियाई वायु रक्षा ने कई मिसाइलों को रोक दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के बाद अलेप्पो में कई विस्फोट सुने गए।इस बीच, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने भी बताया कि इजरायली मिसाइलों के सैन्य स्थलों पर गिरने के बाद अलेप्पो में कई विस्फोट सुने गए। अभी यह पता नहीं चला है कि इन विस्फोटों में कोई हताहत हुआ है या नहीं।

## बिहार : मुजफ्फरपुर के तीन घरों में लगी आग, चार बच्चियों की मौत

**मुजफ्फरपुर(एजेंसी)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र में बीती देर रात तीन घरों में आग लग गई। इस घटना में सो रही चार बच्चियों की झुलसकर मौत हो गई तथा छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, सदर थाना क्षेत्र के रामदयालु स्टेशन के निकट रात करीब एक बजे एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। आग ने तीन घरों को अपनी चपेट में लिया।

आग लगने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद अग्निशमन दस्ते को बुलाया गया, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।इस घटना में घर में सो रही चार बच्चियों की झुलसकर मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान नरेश राम की पुत्री सोनी कुमारी (15), अमृता कुमारी (12), कविता कुमारी (8) और शिवानी कुमारी (6) के रूप में हुई है।आग लगने के कारणों का पता अब तक नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर से निकलने वाले रास्ते में ही आग लगी थी, जिस कारण लोग जल्दी निकल नही सके। सदर थाना प्रभारी सत्येंद्र मिश्र ने कहा कि इस घटना में पांच से छह लोग आग से झुलसकर घायल हुए है जिन्हें इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घायलों मे भी दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## आतंकी साजिश मामले में एनआईए का बड़ा एक्शन, जम्मू–कश्मीर में 12 जगहों पर की छापेमारी

**श्रीनगर(एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को जम्मू–कश्मीर में 12 जगहों पर छापेमारी की। एनआईए सूत्रों ने बताया कि छापेमारी आतंकवाद से जुड़े एक मामले में चल रही जांच का हिस्सा है। ये छापे घाटी में अवंतीपोरा, पुलवामा, अनंतनाग और श्रीनगर जिले में और जम्मू संभाग के पुंछ और जम्मू जिलों में भी चल रहे हैं। सूत्रों ने कहा, ये छापे आतंकवाद से जुड़े एक मामले में चल रही जांच का हिस्सा हैं।

## नगर निगम शिमला में कांग्रेस लगाएगी जीत की हैट्रिक : रोहित ठाकुर

**शिमला(एजेंसी)।** नगर निगम शिमला के लिए मंगलवार को मतदान होने है। मतदान से पहले सरकार के दो मंत्रियों रोहित ठाकुर व अनिरुद्ध सिंह ने संयुक्त पत्रकार वार्ता करके नगर निगम शिमला में जीत की हैट्रिक लगाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव से पहले जो गारंटी दी थी, उन्हें सरकार पूरा कर रही है। पांच महीने में कांग्रेस सरकार ने जनहित में कई निर्णय लिए है।

शिक्षा मंत्री ठाकुर ने कहा कि पांच महीने की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। शिमला के विकास के लिए भी सरकार ने रोडमैप तैयार कर लिया है।

# शरद पवार ने पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ा

## अजित पवार को छोड़ सभी नेताओं की अपील– इस्तीफा वापस लें साहिब

**नई दिल्ली , एजेंसी।** एनसीपी चीफ शरद पवार के पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफे के एलान ने राज्य की सियासत में हंगामा मचा दिया है। ऐसे में कयास शुरू हो गए हैं कि शरद पवार ने अगर अपना फैसला नहीं बदला तो एनसीपी का अगला बॉस कौन होगा। इस बीच शरद पवार के भतीजे अजित पवार सहित अन्य नेताओं ने प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है।



अजीत ने कहा कि शरद पवार ने इस्तीफे का कारण नहीं बताया है। ऐसे इस्तीफे का एलान सही नहीं है। पार्टी नेताओं की बैठक होगी। परिवार के सदस्य भी बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद पार्टी की मुख्य समिति इस्तीफे को लेकर फैसला करेगी। हम उम्मीद जताते हैं कि पवार अपने इस्तीफे पर राकांपा समिति के फैसले का पालन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पवार चाहते हैं कि नए नेतृत्व को मौका मिले।

अजीत ने कहा कि पार्टी का काम ऐसे ही चलता रहेगा। शरद पवार का साथ हमारे संग है। उन्होंने कहा कि पवार साहिब ने पद छोड़ा है, पार्टी नहीं। वह हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

वहीं, प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि शरद पवार ने इस्तीफे की घोषणा करने से पहले किसी को नहीं बताया था। हमें उम्मीद है कि पवार अपने इस्तीफे पर फिर विचार करेंगे। साथ ही जयंत पाटिल ने कहा कि पवार के बिना जनता के पास कैसे जाएंगे। इतना कहते ही पाटिल रोने लगे। सुनील तटकरे ने कहा कि पवार के बिना पार्टी नहीं चल पाएगी। जबकि छगन भुजबल ने शरद पवार से विनती की है कि शरद पवार अपना इस्तीफा वापस ले लें। साथ ही उन्होंने कहा कि आखिर निर्णय वही मान्य होगा, जो पवार लेंगे। उनके समर्थकों ने निराशा व्यक्त की है। उनका कहना है कि पवार ने उन्हें कभी निराश नहीं किया, लेकिन आज कर दिया है। लोगों ने कहा कि कमेटी यहीं पर है, आप निर्णय लें। हम सभी को धक्का लगा है। महाराष्ट्र की जरूरत को ध्यान में रखें तो 60 साल तक आपने जिम्मेदारी निभाई लेकिन आज आपने यह अप्रिय निर्णय ले लिया।

समर्थकों ने आगे कहा कि आप हमारे साथ हैं, लेकिन आपके बिना पार्टी नहीं चला पाएंगे। आप इस पर विचार करें। हमें लग रहा है कि ये पुस्तक विमोचन हुआ ही न होता तो ठीक रहता। आपने कभी किसी को नाराज नहीं किया, लेकिन आज आपने हम सभी को नाराज कर दिया।

शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि एक समय गंदी राजनीति और आरोपों से तंग आकर शिवसेना सुप्रीमो बाला साहेब ठाकरे ने भी शिवसेना प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसा लगता है कि इतिहास ने खुद को दोहराया है, लेकिन शिवसैनिकों के प्यार के कारण उनको अपना फैसला वापस लेना पड़ा। राउत ने कहा कि बालासाहेब की तरह पवार साहब भी राज्य की राजनीति की आत्मा हैं।

शरद पवार के इस्तीफे पर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि हमें लगा था कि शरद पवार आखिरी सांस तक सार्वजनिक जीवन में रहेंगे। आज उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया, यह हम नहीं बता सकते। पटोले ने कहा कि इसका असर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) पर नहीं पड़ेगा। हमें उम्मीद है कि एनसीपी का नया अध्यक्ष एमवीए के साथ रहेगा।

शरद पवार के इस्तीफे के बाद पार्टी के अन्य नेता अभी भी शरद पवार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध कर रहे हैं। शरद पवार के फैसले के बाद राकांपा कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। इसके बाद सुप्रिया सुले ने उनकी बात शरद पवार से कराई।

इस दौरान पवार ने कहा कि आप जो सब यहां बैठे हैं, उनसे कहना चाहता हूं कि सभी भोजन करो। फिर मैं आपसे बात करने आऊंगा। सुप्रिया सुले और अजित पवार ने कहा कि भोजन करो। भोजन की व्यवस्था की है। खा–पीकर आओ। चाय–नाश्ता करो, तब तक हम कोई रास्ता निकालकर आते हैं।

## आईएमएफ कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के लिए पाकिस्तान के विकल्प अब सीमित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के पाकिस्तान के विकल्प हर दिन बीतने के साथ सीमित होते जा रहे हैं। अभी यह पता लगाया जाना बाकी है कि देश 30 जून की समाप्ति की समय सीमा पर मौजूदा आईएमएफ कार्यक्रम को पूरा करने के लिए कैसे आगे बढ़ेगा। बेलआउट कार्यक्रम के फिर से शुरू होने में देरी के बाद पाकिस्तानी अधिकारी और आईएमएफ एक–दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।दोनों पक्ष बकाया नौवीं समीक्षा को पूरा करने में 'अवांछित देरीइ के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे थे। दोनों पक्षों द्वारा 9 फरवरी को इस्लामाबाद वार्ता पूरी होने के लगभग 80 दिनों के बाद रुके हुए कार्यक्रम को फिर से शुरू किया गया था।पाकिस्तान के पास एक महीने से भी कम समय का विदेशी मुद्रा भंडार है और वह आईएमएफ से 1.1 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज का इंतजार कर रहा है, जो राजकोषीय नीति समायोजन से संबंधित मुद्दों पर नवंबर से विलंबित है।धनराशि, जो केवल एक कर्मचारी स्तर के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद जारी की जा सकती है, 2019 में आईएमएफ द्वारा अनुमोदित 6.5 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज का हिस्सा है, जो विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तान के लिए बाहरी भुगतान दायित्वों पर चूक से बचने के लिए महत्वपूर्ण है।

आईएमएफ के सूत्रों ने कहा कि इस्लामाबाद द्वारा सऊदी अरब और यूएई से अतिरिक्त जमा में 3 अरब डॉलर की गारंटी देने के बावजूद वे अभी भी बाहरी वित्तपोषण आवश्यकताओं की पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहे हैं।आईएमएफ अब विश्व बैंक से शेष 2 अरब डॉलर और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक से 900 मिलियन डॉलर की पुष्टि चाहता है और बैंकों से वाणिज्यिक ऋण मांग रहा है।

## महात्मा गांधी के पोते अरुण मणिलाल का कोल्हापुर में निधन, 89 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** महात्मा गांधी के पौत्र अरुण मणिलाल गांधी का मंगलवार को निधन हो गया। अरुण गांधी के पुत्र तुषार गांधी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बताया गया है कि 89 वर्षीय अरुण गांधी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। तुषार गांधी ने बताया है कि उनके पिता का अंत्येष्टि संस्कार कोल्हापुर में आज ही किया जाएगा।महात्मा गांधी के पौत्र अरुण गांधी मणिलाल गांधी के पुत्र हैं। अरुण गांधी का जन्म 14 अप्रैल 1934 को साउथ अफ्रीका के डरबन में हुआ था। महात्मा गांधी के दूसरे बेटे मणिलाल गांधी डरबन के समाचार पत्र इंडियन ओपिनियन के एडिटर रहे, जबकि उनकी (मणिलाल गांधी) पत्नी इसी समाचार पत्र में पब्लिशर थीं। अरुण गांधी ने पिता से सीख लेकर बाद में अपने दादा के आदर्शों पर चलने का फैसला लिया और सामाजिक–राजनीतिक मुद्दों पर बतौर कार्यकर्ता काम करना शुरू किया।

# दिवालिया होने की कगार पर पहुंचा गो फर्स्ट, 3–4 मई को नहीं उड़ेंगे विमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गो फर्स्ट एयरलाइन ने अगले तीन दिनों के लिए अपनी बुकिंग बंद कर दी है। सीईओ कौशिक खोना के अनुसार फंड की भारी कमी के कारण 3 और 4 मई को उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित रखा जाएगा। पीएंडडब्ल्यू की ओर से इंजनों की आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण गो फर्स्ट को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण 28 विमानों को खड़ा करना पड़ा है। दूसरी ओर, गो फर्स्ट ने आज दिल्ली में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) दिवालिया ऋणशोधन अक्षमता संहिता की धारा 10 के तहत समाधान के लिए एक आवेदन दायर किया है। वहीं सूत्रों ने बताया है कि गो फर्स्ट एयरलाइन की 60 फीसदी से ज्यादा फ्लाइट ग्राउंडेड हो चुकी हैं। इन फ्लाइ-ट्स के ग्राउंडेड हो जाने से कई सारी रूट्स पर एयरलाइन की बुकिंग कैंसिल हो रही है। कहा जा रहा है कि वाडिया के




स्वामित्व वाली गो फर्स्ट ने तेल विपणन कंपनियों के बकाये के कारण तीन और चार मई के लिए उड़ानें निलंबित कर दी हैं।

इसके साथ ही एयरलाइन ने डेलावेयर संघीय अदालत में अमेरिकी इंजन निर्माता के खिलाफ मुकदमा दायर किया है, जिसमें एक मध्यस्थ आदेश को लागू करने की मांग की गई है, जिसमें प्रैट एंड व्हिटनी को एयरलाइन को इंजन प्रदान करने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं होने से एयरलाइन के बंद होने का खतरा है। गो फर्स्ट के पक्ष में 30 मार्च को दिए गए मध्यस्थता फैसले में कहा गया था कि यदि आपातकालीन इंजन प्रदान नहीं किए जाते हैं तो एयरलाइन को अपूरणीय क्षति का खतरा है।

इस बीच एक तेल विपणन कंपनी के एक अधिकारी ने कहा है कि एयरलाइन कैश एंड कैरी मोड पर है, जिसका मतलब है कि उसे रोजाना जितनी उड़ानों का परिचालन करना है, इसके लिए भुगतान करना होगा। यह सहमति बनी है कि यदि भुगतान नहीं किया जाता है तो विक्रेता व्यवसाय बंद कर सकता है। एयरलाइन उद्योग के जानकारों के अनुसार गो फर्स्ट के 30 विमान 31 मार्च से खड़े हैं, इनमें नौ ऐसे हैं जिन पर पट्टे का भुगतान बकाया है। वहीं, एयरलाइन की वेबसाइट के अनुसार गो फर्स्ट के बेड़े में कुल 61 विमान हैं, जिनमें 56 ए320 नियो और पांच ए320सीओ शामिल हैं।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 3–4 मई तक नई बुकिंग रद्द करने के बाद गो फर्स्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया। डीजीसीए के अनुसार, उसके संज्ञान में आया है कि गो फर्स्ट ने क्रमशः 03–04 मई 2023 की सभी निर्धारित उड़ानों को रद्द कर दिया है। डीजीसीए को ऐसी रद्दीकरण के लिए कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई है। इस मामले में अनुसूची की मंजूरी के लिए शर्तों का अनुपालन नहीं किया गया है। डीजीसीएक के अनुसार इस प्रकार गो फर्स्ट रद्दीकरण और उसके कारणों को लिखित रूप में रिपोर्ट करने में विफल रहा है। गो फर्स्ट अनुमोदित अनुसूची का पालन करने में विफल रहा है जिससे यात्रियों को असुविधा होगी। गो फर्स्ट ने सीएआर, धारा 3, श्रृंखला एम और भाग 4 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।

नागर विमानन मंत्रालय ने मामले पर करीब से नजर बनाए हुए हैं। वाडिया समूह के स्वामित्व वाली किफायती सेवाएं देने वाली एयरलाइन गो फर्स्ट ने नकदी के गंभीर संकट की वजह से तीन और चार मई की अपनी उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित रखने की घोषणा की है। इसके साथ ही एयरलाइन ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ में स्वैच्छिक दिवाला समाधान प्रक्रिया के लिए भी आवेदन किया है। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गो फर्स्ट की स्थिति पर कहा कि बेहतर होगा कि इस मामले में कानूनी प्रक्रिया का इंतजार किया जाए।

गो फर्स्ट 17 साल से अधिक से परिचालन कर रही है। चालू साल की पहली तिमाही में इसने घरेलू मार्गों पर 29.11 लाख लोगों को यात्रा कराई है। इस दौरान गो फर्स्ट की बाजार हिस्सेदारी 7.8 प्रतिशत रही।

## बसपा और भाजपा एक दूसरे से अंदर ही अंदर मिली हुई हैं: अखिलेश यादव

**लखनऊ एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बहुजन समाज पार्टी अंदर ही अंदर भाजपा से मिली हुई है। चुनाव में बसपा से सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर और डॉ0 राममनोहर लोहिया के विचारों और सिद्धांतों पर चलते हुए सभी लोगों को साथ लेकर चल रही है।सहारनपुर में मेयर प्रत्याशी नूर हसन मलिक के समर्थन में रोड–शो के बाद आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग नफरत फैलाने और हिन्दू–मुस्लिम तथा समाज को लड़ाने की राजनीति कर रहे हैं। इनके पास जनता को बताने के लिए खुद का कोई काम नहीं है। भाजपा सरकार ने नगरों में समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों को रोक दिया। भाजपा सरकार ने शहरों में जन सुविधाएं तक नहीं दे सकी। स्मार्ट सिटी के नाम पर धोखा दिया है।

शहरों की स्मार्ट सिटी में कोई जन सुविधा नहीं है। स्मार्ट सिटी के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार और लूट हुई है।

## बाणगंगा क्षेत्र में क्रे हुई बेकाबू, लोगों को रौंदती चली गई, चार की मौके पर मौत

**इंदौर, एजेंसी।** इंदौर के बाणगंगा इलाके में मंगलवार शाम बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार क्रेन के आगे बस जा रही थी। ब्रेक लगा नहीं और वाहनों को कुचलते हुए क्रेन आगे बढ़ गई। हादसे में एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हुई है। एक महिला गंभीर घायल है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने क्रेन चालक को पकड़ लिया है।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा बाणगंगा इलाके में मंगलवार शाम को हुआ। क्रेन एचआर–38–बी–2002 के आगे उज्जैन के जय बाबा बाल हनुमान ट्रैवल्स की बस क्रमांक जीजे06–बीटी–9960 चल रही थी, जिसके ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाया। पीछे आ रही क्रेन का ड्राइवर समय पर ब्रेक नहीं लगा सका और क्रेन आगे के दो वाहनों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई।

बताया जा रहा है कि क्रेन के ड्राइवर ने ब्रेक लगाए लेकिन वाहन के ब्रेक फेल हो गए थे, इस वजह से उसने आगे के वाहनों को रौंद दिया। इन्हीं वाहनों पर सवार लोगों की मौत हुई है।

हादसा इतना भीषण था कि क्रेन का अगला हिस्सा बस में घुस गया और वह भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे से कुछ ही दूरी पर बस भी खड़ी है। मृतकों की शिनाख्त की जा रही है। बाणगंगा थाना प्रभारी राजेंद्र सोनी का कहना है कि हादसे के तत्काल बाद वह भी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि क्रेन ने कुछ वाहनों को कुचल दिया। चार लोग उसकी चपेट में आ गए। कहा जा रहा है कि बस की गलती है। कुछ कह रहे हैं कि कार ने ओवरटेक किया और उसकी वजह से यह सब हो गया। यह जांच का विषय है। फिलहाल हमने घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया है। मृतकों को भी अस्पताल पहुंचाया है।

प्रत्यक्षदर्शी प्रवीण और नीरज पाल ने बताया कि हम दोनों विजय नगर जा रहे थे। तभी देखा कि क्रेन का ब्रेक फेल हो गया और उसने आगे के वाहनों को रौंद दिया। घटना में चार की मौत स्पॉट पर ही हो गई थी। महिला घायल थी। उसे हमने ऑटो में बिठाया और अस्पताल पहुंचाया। उन्हें पैरों में फ्रेक्चर हुआ है। गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन जान का खतरा नहीं है।

## सीबीआई ने एनआईए के निलंबित एसपी, इंस्पेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को आतंकवाद रोधी एजेंसी की शिकायत पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के दो निलंबित अधिकारियों एसपी विशाल गर्ग और इंस्पेक्टर मोहम्मद रजीब खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। घूसखोरी के आरोपों के बाद दोनों को 25 अप्रैल को गृह मंत्रालय द्वारा निलंबित कर दिया गया था।सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें इंफाल के तत्कालीन एसपी गर्ग और खान के खिलाफ मणिपुर की राजधानी में शाखा कार्यालय में उनकी पोस्टिंग के दौरान भ्रष्टाचार और आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की शिकायत मिली थी।एनआईए ने शिकायत में दावा किया कि सूत्रों से जानकारी मिली थी कि खान के साथ गर्ग स्थानीय निवासियों को एनआईए के मामलों में झूठा फंसाने की धमकी देकर उनसे भारी मात्रा में धन वसूल कर रहे थे।एनआईए ने 2022 में एक प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेपाक (पीआरईपीएके) सहित आतंकवादी संगठनों के सक्रिय कैडर शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। यूएपीए के तहत अभियुक्त सभी, मणिपुर में अपनी आतंकी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए धन जुटा रहे थे, और मामला जांच के लिए इंस्पेक्टर/मुख्य जांच अधिकारी तुषार बिष्ट को सौंपा गया था।एनआईए को अपनी पूछताछ में पता चला कि गर्ग इस मामले के पहले पर्यवेक्षक अधिकारी थे और उनके निर्देश पर खान मामले में सहायता कर रहे थे। इसने इन अधिकारियों की स्पष्ट कार्यप्रणाली का खुलासा किया जिसमें कुछ व्यवसायियों/पेशेवरों को जांच के लिए बुलाया गया था, ज्यादातर बिना कानूनी नोटिस के।गर्ग की मौजूदगी में उन्हें एनआईए के मामलों में झूठा फंसाने की धमकी दी गई। बाद में खान पैसे के बदले उन्हें मदद की पेशकश करता था। भुगतान की जाने वाली राशि पर बातचीत की जाएगी और नकद में भुगतान खान द्वारा प्राप्त किया जाएगा और मामला बंद हो जाएगा।प्राथमिकी में कहा गया है, जांच से अब तक पता चला है कि इस कार्यप्रणाली के माध्यम से खान ने गर्ग के कहने पर मई से अगस्त, 2022 तक की अवधि में इंफाल के निवासियों लैशराम हेमंता सिंह से 30 लाख नकद, इनाओचा ताखेलमबम उर्फ नाओबा से 10 लाख रुपये नकद, एन. मोमोन सिंह से 20 लाख रुपये नकद एकत्र किए थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com

## रांची के जमीन घोटाले के तार बंगाल से जुड़े, डिप्टी रजिस्ट्रार से ईडी कर रही पूछताछ

**रांची(एजेंसी)।** रांची में हुए जमीन घोटाले के कनेक्शन बंगाल से जुड़े हैं। ईडी की जांच में सामने आया है कि इसके फर्जी दस्तावेज बंगाल में तैयार किए गए। इस सिलसिले में ईडी आज कोलकाता के सब रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ कर रही है। इसके अलावा कोलकाता के कारोबारी और जगतबंधु टी इस्टेट के स्वामी दिलीप घोष को पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। उन्हें आगामी 10 मई को रांची स्थित ईडी ऑफिस में हाजिर होने को कहा गया है।इस मामले में रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मनी त्रिपाठी से पूछताछ की गयी है, जबकि रांची डीसी रह चुके आईएएस छवि रंजन से चार मई को दोबारा पूछताछ की जाएगी। इसके बाद आठ मई को रांची में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से पूछताछ होगी।

## कैलिफोर्निया के डेजर्ट कम्युनिटी में गोलीबारी में 4 की मौत

**सैन फ्रांसिस्को , एजेंसी।** कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी इलाके में एक गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी। यह गोलीबारी मोजावे में एक घर में हुई। इस इलाके में लगभग 4,000 लोग रहते हैं और बेकर्सफील्ड से लगभग 104 किमी पूर्व में स्थित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों में से तीन को घटनास्थल पर मृत घोषित कर दिया गया ।

और एक अन्य पीड़ित को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां बाद में उसने दम तोड़ दिया।

गिरफ्तारी के बारे में तत्काल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। संभावित मकसद के बारे में भी पता नहीं चला है।

रिपोर्ट के अनुसार, जासूस घटनास्थल पर सबूत इक्ा कर रहे हैं, और विवरण स्पष्ट नहीं हैं।

G20
उत्तर रेलवे
ई–नीलामी
[illegible] www.ireps.gov.in [illegible]

| कैटेगरी | [illegible] | [illegible] | ई–बोली की आरम्भ तिथि | ई–बोली की अन्तिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| Advertising | 23-MB-KFR-2 | [illegible] 1443 sq ft LED [illegible] 360 डिग्री LED [illegible] | 18.05.2023 10.00.00 | 15.06.2023 14.20.00 |
| Coach Restaurant | 23-MB-RCR-2 | [illegible] | 18.05.2023 13.00.00 | 15.06.2023 13.30.00 |
| Waiting Room of Railway Stations | 23-MB-wtngRum-2 | [illegible] | 19.05.2023 10.00.00 | 19.06.2023 10.40.00 |
| ATM | 23-MB-ATM-2 | [illegible] | 18.05.2023 12.00.00 | 15.06.2023 13.00.00 |

1328/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तराखण्ड शासन | G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

# एक साल नई मिसाल





**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## अमूल्य जीवन के प्रति सजगता

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का



## चिकित्सा क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय

- सभी मेडिकल कॉलेजो में कैथ लैब बनाये जायेंगे। सभी चिकित्सा इकाइयों, जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में एमआरआई, सिटी स्कैन की पूरी व्यवस्था एवं टेक्नीशियन की कमी को दूर किया जायेगा।
- राष्ट्रीय सवास्थ्य मिशन में रु 777.09 करोड़ का बजट प्रावधान
- नवीन मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर, पिथौरागढ़, हरिद्वार हेतु रु 285 करोड़ का बजट प्रावधान
- दून मेडिकल कॉलेज हेतु रु. 196 करोड़ का बजट प्रावधान
- श्रीनगर मेडिकल कॉलेज हेतु रु 82.88 करोड़ का बजट प्रावधान
- जन औधधि योजना के अंतर्गत सरकार कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध करा रही है। इस योजना के द्वारा अभी तक 850 से ज्यादा दवाओं का मूल्य नियंत्रित किया गया है।
- 70 हेल्थ एवं वेलनेस केंद्रों में जनसामान्य की चिकित्सा सुविधा के लिए योग, आयुर्वेद, पंचकर्म सम्बंधित सभी सेवाओं के साथ-साथ लैब टेस्टिंग जैसी सुविधाओं और जन औषधि केंद्र को भी जोड़ा गया।
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के तहत प्रत्येक परिवार को रु 5 लाख तक का सुरक्षा कवच दिया गया
- 400 जन औषधि केन्द्र खोलने का लक्ष्य एवं 225 जन औषधि केन्द्र खुले

  670 न्याय पंचायतों में को-ऑपरेटिव सोसायटी में खुलेगा एक-एक जन औषधि केन्द्र
- ऊधमसिंह नगर में होगा दूसरा एम्स सेंटर
- आयुष्मान योजना के अंतर्गत भारत सरकार के सहयोग से, 70 हेल्थ एवं वेलनेस केंद्र स्थापित
- क्षयरोग उन्मूलन सम्बन्धित निःक्षय मित्र योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में हैल्थ एण्ड वेलनेस एम्बेसडर कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य को बेस्ट एंगेजमेंट पुरस्कार प्राप्त



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR